दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



अप्रैल फूल डे पर ......



ईद की दुगनी खुशी........

वर्ष : 11 | अंक : 100 | लखनऊ, 29 मार्च, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# युवाओं को सीएम योगी की नसीहत

## जीवन में शार्टकट मत अपनाइए, अपनी विरासत पर गौरव कीजिए

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधान सभा में दो दिवसीय युवा संसद प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि जीवन में शार्टकट मत अपनाइए। अपनी विरासत पर गौरव कीजिए और नेतृत्व का गुण विकसित कीजिए। आप किसी भी क्षेत्र में जाएं, प्रभावी संवाद और सूत्रबद्ध कार्य से सफलता पाएं।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत संवाद है।जब हम कम शब्दों में अपनी बात को रखते हैं तो किसी को भी प्रभावित कर सकते हैं। बहुत लंबा चौड़ा बोलेंगे तो आप स्वयं इसमें उलझ जाएंगे। हम लोग देखते हैं जो सदस्य छोटा प्रश्न करते हैं वह मंत्री को उलझाने में सफल हो जाते हैं, लेकिन जो बड़ा प्रश्न करते हैं और प्रश्न पर प्रश्न करते रहते हैं, उन्हें पता ही नहीं होता कि पूछना क्या है।

विधान सभा मंडप में शुक्रवार को प्रदेश भर से चुनकर आए उन 240 में युवाओं को बैठने को मिला जहां पर विधानसभा सदस्य बैठते हैं। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत युवा संसद महोत्सव की राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन यहां किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा संसद का उद्देश्य केवल यह नहीं कि आप नेता बनें, बल्कि आपके भीतर नेतृत्व का गुण पैदा हो। आप विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, व्यापार, या किसी भी क्षेत्र में जाकर समाज की सेवा कर सकते हैं। जब आप लीक से हटकर कुछ नया और अतिरिक्त करते हैं, तो वह समाज के लिए प्रेरणा बनता है।

योगी ने कहा कि यह आपके लिए गौरव का क्षण है। आज आप देश की सबसे बड़ी विधायिका में चर्चा का हिस्सा बने हैं।मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र के तीन स्तंभों विधायिका, कार्यपालिका, और न्यायपालिका की चर्चा करते हुए



कहा कि यह तीनों एक-दूसरे के पूरक हैं और सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करते हैं।

संविधान के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। केवल अधिकारों की मांग से राज्य तबाह हो जाते हैं। जैसा कि हमने कई उदाहरणों में देखा। कर्तव्यों का पालन ही देश को समृद्ध बनाता है।

आजादी के अमृत महोत्सव के संदर्भ में प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के विजन को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कि इसके लिए हमें पंच प्रण को अपनाना होगा। वर्ष 2014 के पहले देश का युवा जब कहीं बाहर जाता था तो वह सम्मान नहीं पाता था जो उसे आज मिलता है।

आज लोगों को भारत और विशेष तौर पर यूपी का निवासी बोलने पर गर्व महसूस होता है। एक छोटी कथा के माध्यम से मुख्यमंत्री ने व्यवहार के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि आपके व्यवहार और आचरण ही आपकी पहचान बनाते हैं।

भारत की विशिष्टता इसके रिश्तों और शिष्टाचार में है। यहां अपरिचित को भी भैया, चाचा या दादा कहकर संबोधित किया जाता है। यही हमारी संस्कृति है। जो हमें दुनिया में अलग बनाती है। मुख्यमंत्री ने तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि संस्थाओं का सम्मान बेहद जरूरी है।युवाओं से कहा कि जीवन में सफलता के लिए समय का प्रबंधन बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा कि आप सभी बहुत प्रतिभावान हो तभी यहां चुनकर आए हो। अब यहां से तीन लोगों का चयन होना है, लेकिन आप सभी योग्य हैं।विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार रखें।

# थाईलैंड-म्यांमार में आई भूकंप से तबाही तो पीएम मोदी ने जताई चिंता

### मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, म्यांमार में आज 7.7 तीव्रता का भूकंप आया और 6.8 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप का केंद्र सागाइंग शहर से 16 किमी उत्तर-पश्चिम में और 10 किमी की गहराई पर था। हताहतों की खबरें हैं, लेकिन सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। भूकंप के झटके थाईलैंड तक महसूस किए गए, जहां राजधानी बैंकॉक में कुछ मेट्रो और रेल सेवाएं निलंबित कर दी गईं। थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने संकट की समीक्षा के लिए एक ₹तत्काल बैठक₹ की और बैंकॉक में 'आपातकाल' की स्थिति घोषित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसको लेकर चितां जताई है।उन्होंने कहा कि भारत हर तरह की सहायता देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स को लिखा, म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप



के बाद की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। इस संबंध में, हमने अपने अधिकारियों को तैयार रहने को कहा है। साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के संपर्क में रहने को कहा है। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 से 6 अप्रैल तक थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा पर रहेंगे।इस यात्रा का एक मुख्य आकर्षण यह है कि प्रधानमंत्री 4 अप्रैल को बैंकॉक में छठे बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत की नई घोषित 'महासागर नीति' के तहत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री की थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा और छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में उनकी भागीदारी भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति, 'एक्ट ईस्ट' नीति, 'महासागर' विजन और इंडो-पैसिफिक के विजन के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 26.c |
| न्यूनतम तापमान | 11.c |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 78,271.28 |
| निफटी | 23,696.30 |

# सशस्त्र बलों को स्फूर्त, चुस्त और तकनीकी रूप से सक्षम होना चाहिए: सेना प्रमुख

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सशस्त्र बलों को गतिशील, स्फूर्त और तकनीकी रूप से सक्षम होना चाहिए ताकि 2047 तक आत्मनिर्भरता के माध्यम से विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार किया जा सके। एक रक्षा विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।यहां सिकंदराबाद में रक्षा प्रबंधन कॉलेज (सीडीएम) में उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम (एचडीएमसी-20) पर समापन भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख स्तंभ और क्षेत्र में एक सुरक्षा भागीदार होना चाहिए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनरल द्विवेदी ने भविष्य के लिए तैयार लड़ाकू बल बनने के लिए भारतीय सेना का समग्र रोडमैप दिया। उन्होंने भविष्य की जटिल चुनौतियों का सामना करने में सक्षम तकनीकी रूप से उन्नत, अनुकूलनीय और आत्मनिर्भर बल बनने की सेना की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया।विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने परिवर्तन के पांच स्तंभों पर जोर दिया जिसमें प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल, संरचनात्मक परिवर्तन, मानव संसाधन विकास और तीनों सेवाओं के बीच सामंजस्य बढ़ाना शामिल है।

# हवाई अड्डों पर निशुल्क पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था की जाए: बिरला

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से कहा कि वह हवाई अड्डों पर वाटर कूलर की व्यवस्था करें, ताकि यात्रियों को निशुल्क पेयजल उपलब्ध हो सके। सदन में गैर-सरकारी कामकाज के तहत कांग्रेस सांसद शफी परम्बिल के देश में हवाई यात्रा किराये के विनियमन के लिए उचित उपाय संबंधी निजी संकल्प पर चर्चा के दौरान बिरला ने यह टिप्पणी की। चर्चा के दौरान, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सांसद चंद्रशेखर ने हवाई अड्डों पर पानी की बोतल अत्यधिक कीमतों पर उपलब्ध होने का उल्लेख किया।

# बिजली कटौती के लिए अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा:ऊर्जा मंत्री की चेतावनी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि बिजली कटौती के लिए अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। बुधवार शाम को शर्मा के एक कार्यक्रम में बिजली कटौती के कारण व्यवधान पैदा हो गया था, जिसके कारण उन्हें अंधेरे में सभा को संबोधित करना पड़ा था और बाद में मोबाइल की फ्लैश लाइट में अपने जूते ढूंढने पड़े थे। अपने गृह नगर मऊ में बृहस्पतिवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए उन्होंने कहा कि समझाने-बुझाने के दिन खत्म हो गए हैं और अब बिजली क्षेत्र में लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिछले तीन सालों में की गई निलंबन की कार्यवाहियों का जिक्र करते हुए शर्मा ने कहा, जब मैं मंत्री बना था, तब बिजली की लाइनें खराब थीं, खंभे गिर रहे थे और ट्रांसफार्मर ओवरलोड थे। उस समय, अधिकारियों पर चिल्लाने या उन्हें निलंबित करने से समस्या हल नहीं होती थी। हालांकि, पिछले तीन सालों में 3,300 अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित किया गया है और अब मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मऊ, गाजीपुर या दोहरीघाट में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए नामित क्षेत्रों को निर्बाध बिजली मिलनी चाहिए,। शर्मा ने जोर देकर कहा कि सरकार ने बिजली विभाग की सभी मांगों को पूरा किया है, वित्तीय संसाधन, उपकरण, तकनीक और सुधारों को लागू करने के लिए पर्याप्त समय सुनिश्चित किया है।उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, अब गलतियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने किया एनएएमआईएस के ट्रैक्ड संस्करण, हल्के वाहनों के लिए 2,500 करोड़ रुपये का अनुबंध

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, सरकार ने एंटी-टैंक वेपन प्लेटफॉर्म नाग मिसाइल सिस्टम (एनएएमआईएस) के ट्रैक्ड संस्करण की खरीद के अनुबंध समेत बृहस्पतिवार को 2,500 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन अनुबंधों पर यहां रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने कहा कि उसने एंटी-टैंक वेपन प्लेटफॉर्म के नाग मिसाइल सिस्टम (एनएएमआईएस) के ट्रैक्ड संस्करण की खरीद के लिए आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं और साथ ही सशस्त्र बलों के लिए लगभग 5,000 हल्के वाहनों के लिए फोर्स मोटर्स लिमिटेड और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ लगभग 2,500 करोड़ रुपये की कुल लागत से एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

### आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की



**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बैठक की एक तस्वीर साझा की।

# 7 अप्रैल को बिहार का दौरा कर सकते हैं राहुल गांधी

### कन्हैया कुमार की यात्रा में भी होंगे शामिल

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 7 अप्रैल को बिहार आएंगे और पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक सम्मेलन के बाद राहुल गांधी कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की नौकरी दो यात्रा में शामिल हो सकते हैं।गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इंदिरा भवन में बिहार के पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। बिहार कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में जिला कांग्रेस कमिटी (डीसीसी) अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में जिला स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर गहन चर्चा हुई।

एक सूत्र ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी की बिहार इकाई के नेताओं के साथ हाल ही में एक बैठक के दौरान उनसे अपनी कमजोरियों पर काम करने का आग्रह किया है। यह बैठक बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले हुई है।राज्य के कांग्रेस नेता तब से उत्साहित हैं और उन्होंने राहुल गांधी की प्रशंसा की है। दिल्ली चुनावों में मिली करारी हार के बाद, जिसमें कांग्रेस लगातार तीसरी बार अपना खाता खोलने में विफल रही, कांग्रेस



नेतृत्व बिहार में अपनी रणनीति को मजबूत करने की उम्मीद कर रहा है। पार्टी के लिए न केवल एनडीए को उखाड़ फेंकना बल्कि यह सुनिश्चित करना भी एक बड़ा काम है कि भारत ब्लॉक को अस्तित्व का खतरा न हो।

इससे पहले कांग्रेस नेता 18 जनवरी और 5 फरवरी को बिहार के दौरे पर आए थे। 5 फरवरी को पटना में अपने संबोधन में राहुल गांधी ने भाजपा पर तीखा हमला किया और दलितों के प्रतिनिधित्व में दिखावटीपन का आरोप लगाया।उन्होंने दावा किया कि दलितों को प्रतिनिधित्व तो दिया जा रहा है, लेकिन उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में वास्तविक शक्ति से वंचित किया जा रहा है। जगलाल चौधरी जयंती के अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि अगर मंच के पीछे से निर्णय लिए जा रहे हैं तो दलितों को मंच पर बैठाने का कोई मतलब नहीं है।

राहुल गांधी ने स्वास्थ्य सेवा समेत विभिन्न क्षेत्रों में दलितों के प्रतिनिधित्व और भागीदारी की कमी पर भी जोर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि अडानी और अंबानी के नाम पर अस्पताल क्यों बनाए जा रहे हैं, लेकिन दलित नेताओं के नाम पर क्यों नहीं। उन्होंने अडानी और अंबानी जैसे कॉरपोरेट दिग्गजों को मिलने वाले विशेषाधिकारों और दलितों को समर्पित संस्थानों की अनुपस्थिति के बीच गहरा अंतर बताया, जिन्हें अस्पताल बनाने के लिए सरकारी जमीन और संसाधन मिलते हैं।उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व पर भी जोर दिया और भाजपा द्वारा इसे कमजोर करने के कथित प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी।

# नोएडा में गर्ल्स हॉस्टल में लगी आग, 40 छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

नोएडा , ग्रेटर नोएडा थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र मे स्थित अन्नपूर्णा गर्ल्स हॉस्टल में बृहस्पतिवार की शाम को आग लग गई, जिसकी वजह से पूरे परिसर में धुआं भर गया। दमकल विभाग की टीम ने अंदर फंसी 40 छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकालकर करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। घटना के समय हॉस्टल में करीब 160 छात्राएं थीं। एसी का कंप्रेसर फटने से आग लगने का अंदेशा जताया गया है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम करीब 5:25 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।उन्होंने कहा कि आग लगने से हॉस्टल में काफी धुआं फैल गया था, जिसकी वजह से वहां मौजूद लड़कियों के बीच अफरातफरी मच गई थी।दमकल की टीम ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और अंदर फंसी 40 छात्राओं को सीढ़ियों के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि हॉस्टल की दूसरी मंजिल पर एक कमरे में लगे एसी का कंप्रेसर फटने से आग लगी। चौबे ने बताया किदमकल विभाग आग लगने का सटीक कारण पता लगा रहा है।

# आगरा की घटना की आड़ में सपा अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे

## मायावती का अखिलेश यादव की पार्टी पर निशाना

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, हाल ही में हुई आगरा की घटना ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में फिर से उबाल ला दिया है।करणी सेना के कार्यकताओं ने समाजवादी सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर जमकर तोड़फोड़ की है।अब समाजवादी पार्टी पर मायावती ने भी निशाना साधा है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा आगरा की घटना की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को एक्स पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व की सरकार में हुई एक घटना



की याद दिलाते हुए पोस्ट में कहा, आगरा की घटना के साथ-साथ सपा मुखिया को इनकी (सपा की) सरकार में दो जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाऊस कांड में इस पार्टी द्वारा मेरे ऊपर कराया गया जानलेवा हमला भी जरूर याद कर लेना चाहिए तथा इसका पश्चताप भी जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा, अतः आगरा घटना की आड़ में अब सपा अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे तथा आगरा की घटना की तरह यहां दलितों का उत्पीड़न और ज्यादा न कराये।

राज्यसभा में हाल ही में राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी करते हुए सपा के रामजीलाल सुमन ने उन्हें गद्दार कहा था। इसके विरोध में करणी सेना के कार्यकताओं ने बुधवार को आगरा स्थित सांसद सुमन के आवास पर तोड़फोड़ की थी।सुमन के आवास पर हमले के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हिंसा की निंदा की और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि सपा राणा सांगा की बहादुरी पर सवाल नहीं उठा रही है और दावा किया कि हमला सुमन के दलित होने के कारण हुआ।

# बेंगलुरु में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या की

## शव को सूटकेस में भर दिया और खुद को भी जहर देने की कोशिश की

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, हुलीमावु के पास एक घर में सूटकेस में बंद एक महिला का शव मिला है, जिससे पूरे बेंगलुरु में सनसनी फैल गई है। गौरी अनिल सांबेकर (32) की कथित तौर पर उसके पति राकेश ने हत्या कर दी, जो महाराष्ट्र का रहने वाला है। सूत्रों ने बताया कि आरोपी को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राकेश सांबेकर ने गौरी के माता-पिता से संपर्क किया था और फोन कॉल पर अपराध कबूल कर लिया था। आरोपी की पहचान महाराष्ट्र के राकेश के रूप में हुई है, जिसे कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के जरिए ट्रैक किया गया और सतारा पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने बताया कि सतारा के परगांव खंडाला में स्थानीय लोगों ने राकेश को कार के अंदर बेहोशी की



हालत में पाया। पुलिस ने बताया कि राकेश ने जहर जैसा कोई पदार्थ खा लिया और उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।यह अपराध तब प्रकाश में आया जब राकेश ने कथित तौर पर अपनी पत्नी के माता-पिता को फोन किया और हत्या की बात कबूल की। पीड़िता, 32 वर्षीय गौरी अनिल सांबेकर, मास मीडिया और संचार में पृष्ठभूमि रखती थी। वह बेरोजगार थी और घर पर रहती थी, जबकि राकेश हिताची में प्रोजेक्ट मैनेजर के रूप में काम करता था। मूल रूप से महाराष्ट्र का रहने वाला यह जोड़ा पिछले दो महीनों से हुलीमावु पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत डोड्डाकन्नहल्ली में रह रहा था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, राकेश और गौरी के बीच अक्सर बहस होती थी और ऐसी खबरें थीं कि झगड़े के दौरान उसने राकेश पर शारीरिक हमला किया था। 26 मार्च को, एक तीखी बहस ने इतना तूल पकड़ लिया कि राकेश ने गौरी के पेट में चाकू घोंप दिया और उसका गला काट दिया। फिर उसने उसके शव को सूटकेस में भरकर बाथरूम में छोड़ दिया और फिर पुणे भाग गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्व) सारा फातिमा ने खुलासा किया कि पुलिस को शुरू में शाम करीब 5:30 बजे एक संदिग्ध फांसी के मामले की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा "जब हमारे हुलीमावु पुलिस निरीक्षक घर पहुंचे, तो वह बंद था। अंदर घुसने के बाद, उन्हें बाथरूम में एक सूटकेस मिला। तभी हमें एहसास हुआ कि यह एक अपराध है। एफएसएल टीम ने सूटकेस खोला और एक महिला का शव पाया, जिस पर चोट के निशान थे।

## जलशक्ति मंत्री ने महाकुंभ में सराहनीय काम करने वाले जल जीवन मिशन के 112 कर्मचारियों-अधिकारियों को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। महाकुंभ-2025 के दौरान जल जीवन मिशन द्वारा लगाए गई स्वच्छ सुजल गांव प्रदर्शनी के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाले विभागीय और एजेंसियों से जुड़े 112 कर्मचारियों और अधिकारियों को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। इस मौके पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि महाकुंभ की चर्चा पूरी दुनिया में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 8 साल का कार्यकाल को महाकुंभ के आयोजन से नापा जा सकता है कि 66 करोड़ लोग इस आयोजन में आए। किसी को कोई तकलीफ नहीं हुई। इससे पता चलता है कि यूपी में कानून का राज है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में हर घर तक नल योजना के जरिए जलापूर्ति की जा रही है। गरीबों को पक्का मकान मिल रहा है। रोड कनेक्टिविटी में शानदार काम हुआ है।

स्वच्छ सुजल गांव प्रदर्शनी की तारीफ करते हुए जलशक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदर्शनी में विभागीय योजनाओं को बहुत की खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया। जलशक्ति मंत्री ने विभागीय कर्मचारियों द्वारा महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की मदद के लिए जो काम किए गए। उसकी तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि मानवता के इस सबसे बड़े आयोजन में विभागीय कर्मचारियों का काम सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि ये कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा है कि स्वच्छ सुजल गांव प्रदर्शनी पूरे महाकुंभ में चर्चा का विषय बनी रही। कार्यक्रम में सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छ सुजल गांव प्रदर्शनी में कई ऐसे प्रतीक थे, जो महाकुंभ क्षेत्र की पहचान बन गए थे। इसमें मटके वाला चौराहा प्रमुख था। उन्होंने कहा कि ये प्रदर्शनी कुंभ की परिकल्पना को परिलक्षित करने वाली थी। इस मौके पर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक बृजराज सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।

### जल समाधान पोर्टल सुलझाएगा ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति से जुड़ी समस्या

इस मौके पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जल समाधान पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए लोग नल कनेक्शन अप्लाई कर सकेंगे। साथ ही जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं की शिकायत भी कर सकेंगे। इसके अलावा लोग अपने जलापूर्ति से जुड़ी शिकायतों को पूरी प्रक्रिया को ट्रैक भी कर सकेंगे। जल समाधान पोर्टल पर Jalsamadhan.in के जरिए लॉगिन कर सकते हैं। साथ ही टोल फ्री नंबर 18001212 1614 का भी शुभारंभ किया गया। जल समाधान ऐप भी अनोरॉयड पर भी उपलब्ध है। इस मौके पर कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया गया। यह कॉफी टेबल बुक जल जीवन मिशन के जरिए प्रदेश भर में हुए काम के बारे में बताया गया है।

### 112 कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

स्वच्छ सुजल गांव में बेहतरीन काम के लिए जिन 112 अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र प्रदानकर सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए सर्टिफिकेट भी दिया गया।

## यूपी में स्मार्ट सिटी की सड़कें स्मार्ट सुरक्षा उपकरणों से लैस

### चौराहों पर लगाए गए हैं 7 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश में सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस एडवांस टेक्नालॉजी और आधुनिक उपकरणों के प्रयोग से सड़क दुर्धटनाओं में कमी लाने के सभी संभव प्रयास कर रही है। इसी दिशाक्रम में विशेष रूप से प्रदेश के स्मार्ट सिटी में सभी प्रमुख सड़कों और चौराहों पर लगभग 7,25,384 सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। साथ ही ट्रैफिक कंट्रोल और ई-चालन के लिए सीसीटीवी कैमरों को आईटीएम सिस्टम से जोड़ा गया है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस को आत्याधुनिक उपकरणों बॉडी वार्न कैमरों, ब्रेथ एनलाईजर, डेसीबल मीटर, इंटरसेप्टर वाहन और टीथर ड्रोन से युक्त किया गया है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में सड़क दुर्धटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है।

### स्मार्ट सिटी में लगाए जा चुके हैं 7 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे

प्रदेश में सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के सभी हाई-वे, एक्सप्रेस-वे के साथ सड़क परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। प्रदेश के सभी स्मार्ट सिटी की सड़क और चौराहों पर लगभग 7,25,384 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। परिवहन विभाग ने राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में बताया कि केंद्र घोषित स्मार्ट सिटी आगरा, अलीगढ़, बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी में लगभग 5,69,411 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। तो वहीं राज्य घोषित स्मार्ट सिटी अयोध्या, गाजियाबाद, मथुरा, गोरखपुर, मेरठ में लगभग 1,46,585 सीसीटीवी कैमरे लगाये जा चुके हैं। इन सीसीटीवी कैमरों को एआई युक्त आईसीसी सेंटरों और आईटीएम सिस्टम से जोड़ा गया है।

वर्तमान में यूपी के 10 शहरों आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, वाराणसी और सहारनपुर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाया जा चुका है।

## यूपी के शहरों को एक हजार करोड़ रुपये मिलने का रास्ता साफ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अब शहरी क्षेत्र में तेजी से विकास के कार्य हो सकेंगे। राज्य सरकार ने अचल संपत्तियों की रजिस्ट्री पर विकास के मद में वसूली जाने वाली दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप ड्यूटी की धनराशि जल्द से जल्द नगरीय निकायों और विकास प्राधिकरणों को उपलब्ध कराने के लिए मौजूदा व्यवस्था में बदलाव किया है। अब उपयोगिता प्रमाणपत्र को उपलब्ध कराए बिना ही निकायों व प्राधिकरणों को दो किस्तों की धनराशि मिल सकेगी। ऐसे में 31 मार्च से पहले ही शहरी निकायों से लेकर विकास प्राधिकरणों आदि को तकरीबन एक हजार करोड़ रुपये मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

### तीन से चार हजार करोड़ रुपये देने की व्यवस्था

स्टांप एवं निबंधन विभाग के छह माह पुराने उस शासनादेश में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन मंजूरी दी गई है जिसके माध्यम से अतिरिक्त स्टांप ड्यूटी के तीन से चार हजार करोड़ रुपये नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, डेडीकेटेड अर्बन ट्रांसपोर्ट को चार तिमाही किस्तों में देने की व्यवस्था की गई थी। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3023.64 करोड़ रुपये की बजट में व्यवस्था की गई है जबकि अगले वित्तीय वर्ष में यह धनराशि लगभग चार हजार करोड़ रुपये होने का अनुमान है। शासनादेश के तहत विभाग ने पिछले वर्ष 28 अक्टूबर को बतौर पहली किस्त 889.45 करोड़ रुपये (निकायों को 359.92 करोड़, प्राधिकरणों को 177.23 करोड़ व विकास परिषद को 102.82 करोड़ व औद्योगिक प्राधिकरणों को 27.12 करोड़ रुपये) सभी संबंधित को जारी कर दिए थे, लेकिन ज्यादातर ने पहली किस्त की धनराशि खर्च करने संबंधी उपयोगिता प्रमाणपत्र नहीं उपलब्ध कराया जिससे धनराशि होने के बावजूद विभाग ने उन्हें दूसरी किस्त अब तक नहीं जारी की।

## महिला आयोग ने कसी कमर, बाल विवाह की प्रथा रोकने के लिए एनजीओ से ली जाएगी मदद

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिलाओं के प्रति हो रहे साइबर अपराध को रोकने और बाल विवाह की प्रथा को पूरी तरह समाप्त करने के लिए कवायद तेज कर दी है। आयोग ने जहां साइबर अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक करने और घटित घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई के लिए सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखा है। वहीं, बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए एनजीओ की मदद लेने के लिए आयोग ने महिला कल्याण विभाग को पत्र लिखा है। आयोग ने महिला कल्याण विभाग से बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए उनकी ओर से लागू की गई योजनाओं और कार्यवाही सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी मांगी हैं।

### अब तक कितनी मिलीं शिकायतें?

राज्य महिला आयोग को पिछले साल सितंबर से अब तक बाल विवाह को लेकर 25 लिखित शिकायतें मिली हैं। आयोग ने तत्काल संबंधित डीएम को पत्र लिखकर इनपर रोक लगायी है। नेशनल कमीशन फार प्रोटेक्शन चाइल्ड राइट्स (एनसीपीसीआर) की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 11 लाख ऐसे बच्चों की पहचान की गई थी, जिनको बाल विवाह से पहले संबंधित एजेंसियों के माध्यम से बचाया गया था। इसमें पांच लाख बच्चे उत्तर प्रदेश से थे। पिछले साल पांच व छह दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग की बैठक में बाल विवाह को समाप्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर चर्चा हुई थी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग से बाल विवाह रोकने के लिए विभाग या एनजीओ द्वारा किए गए उपायों का विस्तृत विवरण मांगा है। बाल विवाह रोकने के लिए लागू की गई रणनीतियों, सामने आ रही चुनौतियों और अब तक किए गए प्रयासों से प्राप्त परिणामों की रिपोर्ट मांगी गयी है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने एनजीओ की मदद से विशेषकर उन क्षेत्रों को चिन्हित कर जागरूकता कार्यक्रम चलाने को कहा है, जहां बच्चे 18 वर्ष से कम उम्र में स्कूल जाना छोड़ रहे हैं। उधर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की शुक्रवार को हुई मासिक बैठक में अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान और उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने महिला जनसुनवाई, वन स्टाप सेंटर , महिला चिकित्सालय, महिला बंदीगृह , कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के निरीक्षण की।

## इस बार ईद पर बिजली कर्मियों को नहीं मिलेगी छुट्टी, आना पड़ेगा दफ्तर

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। इस बार ईद उल फितर पर भी बिजली कर्मियों को अवकाश नहीं मिलेगा। वित्तीय वर्ष के अंतिम तिथियों के महत्व का हवाला देते हुए विद्युत विभाग के 30 व 31 मार्च को सभी कार्यालयों को खुले रखने के निर्देश जारी किए हैं। 30 को रविवार और उसके अगले दिन सोमवार को ईद का सार्वजनिक अवकाश है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में उप्र पावर कारपोरेशन ने यह निर्णय लिया है।

उप्र पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने शुक्रवार को शक्ति भवन में गार्मियों में प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की तैयारी को लेकर बैठक की। कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतिम सप्ताह होने के कारण कारपोरेशन के अधीन समस्त विद्युत वितरण निगमों के कार्यालय प्रतिदिन की भांति रविवार और सोमवार के सार्वजनिक अवकाश में भी खुले रहेगें।

### कर्मियों को दिए गए ये निर्देश

निर्देश दिए कि प्रबंध निदेशक अपने-अपने डिस्काम में यह सुनिश्चित करा लें कि कैश काउंटर सहित उपभोक्ताओं से संबंधित सभी कार्य सामान्य दिवसों की तरह हों। राजस्व संग्रह और उपभोक्ता सेवाएं बाधित न हों। उन्होंने गर्मियों में शेड्यूल के अनुरूप उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कहा कि आवश्यक बिजली की व्यवस्था करके रखी जाए। जो भी शार्ट टर्म या लांग टर्म की पावर परचेजिंग एग्रीमेंट आदि की आवश्यकता हो, उसे सुनिश्चित करके रखें। मेंटीनेंस के लिए जो मशीनें बंद हैं, उन्हें भी समय से चालू किया जाए। पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नवीनीकरण ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए सौर ऊर्जा आदि को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक कारपोरेट प्लानिंग केवी सिंह आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### ईद पर सुरक्षा प्रबंधों को लेकर सतर्कता

यूपी में अलविदा की नमाज सकुशल संपन्न होने के बाद ईद के मौके पर सुरक्षा प्रबंधों को लेकर पूरी सतर्कता बरते जाने का निर्देश दिया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार व एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी जिलों पर कड़ी नजर रखी।

लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, संभल, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज समेत अन्य संवेदनशील जिलों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते रहे। सभी जिलों में पुलिस मुस्तैद रही। मेरठ व संभल में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध किए गए।

डीजीपी ने ईद के त्योहार के दृष्टिगत बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त किए जाने के साथ ही शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखे जाने का निर्देश दिया है।

## डायग्नोस्टिक सेंटर लाइसेंस के लिए रिश्वत मांगने पर डिप्टी सीएमओ निलंबित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाराबंकी में एक डायग्नोस्टिक सेंटर के लाइसेंस के लिए घूस मांगने के मामले में वहां के उप मुख्य चिकित्साधिकारी व पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डा. राजीव दीक्षित को निलंबित कर दिया गया है। इनके द्वारा घूस मांगने से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आरोपी उप मुख्य चिकित्साधिकारी को निलंबित करते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। वायरल वीडियो संज्ञान में आने पर बाराबंकी के जिलाधिकारी इसकी जांच मुख्य विकास अधिकारी व उप जिलाधिकारी की दो सदस्यीय टीम से कराई। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में डा. राजीव दीक्षित को दोषी ठहराया है। इस रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डॉ. दीक्षित को निलंबित करते हुए मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय से संबद्ध किया गया है। प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा को इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी मामले में प्रशासनिक दायित्वों में लापरवाही पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव के खिलाफ विभागीय कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### असामाजिक कृत्य में लिप्त चिकित्साधिकारी डा. इन्द्रेश यादव भी निलंबित

वहीं, उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर असामाजिक कृत्य में लिप्त पाए जाने पर अंबेडकर नगर के बेवाना सीएचसी में तैनात चिकित्साधिकारी डा. इन्द्रेश यादव को भी निलंबित किया गया है। हमीरपुर जिला चिकित्सालय के नेत्र सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह पर एक रोगी को गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने का आरोप लगा है। डॉ. अनिल से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### जनरल सर्जन को बर्खास्त किए जाने का निर्देश

मथुरा में बरसाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात जनरल सर्जन डॉ. धनंजय द्विवेदी को ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर पाए जाने पर उन्हें एक महीने की नोटिस देकर बर्खास्त किए जाने का निर्देश प्रमुख सचिव को दिया गया है। मथुरा जिला चिकित्सालय में तैनात दंत सर्जन डॉ. संदीप फौजदार को लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त चार सरकारी डाक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्राइवेट प्रैक्टिस करने के मामले में संतकबीर नगर के तीन और वाराणसी के एक कुल चार सरकारी डाक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिए हैं। संतकबीर नगर जिला चिकित्सालय में तैनात सर्जन डा. संदीप कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. विजय कुमार गुप्ता तथा ईएनटी सर्जन डा. धर्मेंद्र कुमार और वाराणसी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. गोविंद प्रसाद प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त पाए गए हैं।

## एसडीएम पर अभद्रता का आरोप लगाने वाले बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर एसडीएम सचिन वर्मा पर अभद्रता का आरोप लगाने वाले व सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी विशाख जी से मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी ने वकीलों को बताया कि इस मामले की जांच अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। लेकिन एसडीएम सचिन वर्मा पर अभद्रता का आरोप लगाने वाले अधिवक्ता इससे संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने एडीएम स्तर के अन्य अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की। सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेन्द्र यादव ने बताया कि एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई होने तक धरना जारी रहेगा। गौरतलब है कि सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेन्द्र यादव ने बीती 20 मार्च को एक मुकदमें की सुनवाई के दौरान सरोजनीनगर एसडीएम सचिन वर्मा पर अभद्रता करने का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी से एसडीएम की शिकायत करने एसोसिएशन के पदाधिकारी सोमवार को उनके कार्यालय गये थे। तब डीएम विशाख जी ने उन्हें 28 मार्च को मिलने के समय दिया था। शुक्रवार को एसोसिएशन के पदाधिकारी कलेक्ट्रट पहुंचे और जिलाधिकारी को मामले की जानकारी दी। एसोएशन के सचिव राजेन्द्र यादव ने बताया कि इस दौरान जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश सिंह को दी है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एडीएम (एफआर) राकेश सिंह सरोजनीनगर तहसील आते और एसडीएम सचिन वर्मा से उनकी अच्छी मित्रता है। इसलिए उनके बजाए किसी अन्य अधिकारी से इस मामले की जांच कराई जाए। बताया जाता है कि एसोसिएशन के पदाधिकारियों की इस मांग को जिलाधिकारी ने मानते हुए एडीएम स्तर के अन्य किसी अधिकारी से मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। लेकिन एसोसिएशन के महामंत्री राजेन्द्र यादव का कहना है कि बावजूद वह मामले की जांच होने तक एसोसिएशन के पदाधिकारी एसडीएम को हटाने के मांग जारी रखेंगे। वह जांच रिपोर्ट आने तक एसडीएम का बहिष्कार करते हुए एसडीएम न्यायालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## हिंसक जानवर के पगमार्क मिलने से ग्रामीणों में दहशत

अमन लेखनी समाचार



जंगली जानवर के पगमार्क – फोटो

लखनऊ। बेहता नाले के किनारे हिंसक जंगली जानवर के पगमार्क मिलने से ग्रामीणों में दहशत। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ौहां में शुक्रवार सुबह बेहता किनारे राजाराम के खेत में हिंसक जंगली जानवर के पगमार्क ग्रामीणों ने देख वन विभाग की टीम को सुचना दी। इस दौरान मलिहाबाद वन रेंजर आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि मिले पगचिन्हों की जांच की जा रही है साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। मिले पगमार्क से किसान और आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए हैं. हिंसक जंगली जानवर के पगमार्क मिलने से लोग चर्चा करने के साथ ही भयभीत हैं। आसपास के क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है। शुक्रवार दोपहर से ही लोग खेतों बागों की ओर जाने से कतरा रहे है। मिले पगमार्क को संज्ञान लेकर वन विभाग की टीम सर्च अभियान चलाने में जुट गई है। मिले पगचिह्न के आधार पर आसपास जांच कर रहे हैं।

## यूपी के स्कूलों के लिए नई गाइडलाइन, अब छह साल होने पर ही मिलेगा एडमिशन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। सभी सरकारी व निजी प्राथमिक स्कूलों में अब 31 जुलाई तक छह साल की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों को कक्षा एक में प्रवेश दिया जा सकेगा। यानी एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षिक सत्र 2025-26 में छह साल से कम उम्र के बच्चों को प्रवेश देने का रास्ता साफ हो गया है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयु सीमा का निर्धारण करने से स्कूलों को बड़ी राहत मिल गई है।

बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से शुक्रवार को ऐसे बच्चे जो छह साल की उम्र 31 जुलाई को पूरा करेंगे उन्हें कक्षा एक में प्रवेश देने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक प्रवेश पर जोर दिया जाए। परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाए।

### स्कूलों को देरी से मिला आदेश

मालूम हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पिछले वर्ष एक अप्रैल तक ही छह वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों को कक्षा एक में प्रवेश देने के आदेश दिए गए थे। स्कूलों को देर से आदेश भेजने के कारण इसका विरोध किया गया था। क्योंकि बड़ी संख्या में छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के प्रवेश ले लिए गए थे। ऐसे में फिर बाद में संशोधित आदेश जारी कर इसे 31 जुलाई किया गया था।

अब नए शैक्षिक सत्र 2025-26 में फिर ऊहापोह की स्थिति पैदा हो रही थी। ऐसे में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से मार्गदर्शन लेने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयु सीमा तय कर स्पष्ट आदेश पहले ही जारी कर दिया गया है। मालूम हो कि परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में कक्षा एक में हर साल करीब 40 लाख बच्चे प्रवेश लेते हैं।

## लखनऊ एयरपोर्ट से श्रीनगर के लिए सीधी उड़ान सेवा 30 मार्च से होगी शुरू

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीनगर के लिए सीधी उड़ान सेवा आगामी 30 मार्च से शुरू होने जा रही है। यह जानकारी एयरपोर्ट प्रवक्ता ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस द्वारा संचालित यह फ्लाइट एयरपोर्ट का 33वां डेस्टिनेशन होगा। उन्होंने बताया इस रूट पर 186 सीटों वाला एयरबस ए320 विमान चलेगा। लखनऊ से श्रीनगर के लिए फ्लाइट रोजाना सुबह 5:20 बजे रवाना होगी और 7:15 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। वापसी में श्रीनगर से लखनऊ की फ्लाइट सोमवार से शनिवार शाम 5:50 बजे निकलकर रात 7:40 बजे लखनऊ पहुंचेगी। प्रवक्ता के मुताबिक अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा संचालित सीसीएसआई एयरपोर्ट ने 2024-25 में कई नए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ा है। इनमें भोपाल, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट से लेकर रास अल खैमाह, कुआला लंपुर और बैंकॉक तक शामिल हैं। बताया कि वर्तमान में एयरपोर्ट से रोजाना 136 से अधिक उड़ानें संचालित होती हैं और औसतन 20,500 यात्री यात्रा करते हैं। प्रवक्ता ने बताया 2024-25 के पहले नौ महीनों में एयरपोर्ट ने 5.21 मिलियन यात्रियों और लगभग 39,000 एयर ट्रैफिक मूवमेंट का रिकॉर्ड दर्ज किया है।

# संक्षेप

## शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई जुमे की अलविदा नमाज

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मस्जिदों और ईदगाहों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। एसपी दीपक भूकर समेत वरिष्ठ अधिकारी लगातार क्षेत्र में मौजूद रहे। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। ड्रोन कैमरों से पूरे इलाके की निगरानी की गई। पुलिस ने मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाया। प्रमुख धार्मिक स्थलों के बाहर बैरिकेडिंग की गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। स्थानीय लोगों और मस्जिद प्रबंधन समितियों ने प्रशासन का पूरा सहयोग किया। नमाजियों ने भी अनुशासन का परिचय दिया। नमाज के बाद सभी शांतिपूर्वक अपने घरों को लौट गए।एसपी दीपक भूकर ने बताया कि जिले में पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल रहा। कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। नमाज के बाद भी पुलिस अलर्ट रही और विभिन्न इलाकों में गश्त जारी रखी गई।

## गर्मी से बचाव के लिए जिला प्रशासन की एडवाइजरी

अमन लेखनी समाचार

बलिया, जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने लू (हीट वेव) से बचाव के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्राधिकरण ने बताया कि हीट वेव शरीर की कार्यप्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों में कमजोरी, चक्कर, सिरदर्द, उबकाई और मूर्छा शामिल हैं। इन लक्षणों के दिखते ही तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। घर को ठंडा रखने के लिए दिन में खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें, विशेषकर जहां सीधी धूप आती हो। शाम और रात में खिड़कियां खोल दें। बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों की विशेष देखभाल करें। पशुओं को छायादार स्थान में रखें और उन्हें पर्याप्त पानी दें। बाहर काम करने वालों को सिर, चेहरा और हाथ-पैर गीले कपड़े से ढककर रखना चाहिए। जहां तक संभव हो, दोपहर के समय घर के अंदर ही रहें।

## हनुमंत कथा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, गुमावा शिवगढ़ के राजमहल में हनुमंत कथा का आयोजन शुरू हुआ है। कथावाचक रमेश शुक्ल का बाबूजी शशि भदोरिया ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कथावाचक रमेश शुक्ल ने राजा राकेश प्रताप सिंह की हवेली की भव्यता की सराहना की। उन्होंने कहा कि हवेली की अद्भुत भव्यता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। रमेश शुक्ल ने बताया कि कथा गुमावा की पावन धरती पर 31 मार्च तक चलेगी। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन होगा। आज काशी विश्वनाथ समूह के सदस्यों द्वारा भंडारा होगा।

# कलाकारों को मिलेगा फिल्म में भरपूर मौका

## जिले के कई क्षेत्रों में होगी कई सप्ताह शूटिंग

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अपनी खुशी के लिए तो सभी नाचते है लेकिन दूसरों के लिए नाचना आसान नहीं होता, पीहू कभी उनकी खुशी के लिए नाचती थी जो अपने दिल के हाथों मजबूर और शराब के सहारे अपनी जिन्दगी तलाशते है। पीहू का ये अतीत आज भी साये की तरह उसका पीछा नहीं छोड़ता। यही कारण है की गांव का हर कोई मनचला पीहू को पा लेना चाहता है लेकिन जब पीहू को चन्दन से मोहब्बत हो जाती है तब उसे लगता है की उसे उसकी जिंदगी मिल गई लेकिन ये खुशी एक दिन सपने की तरह टूट कर बिखर जाती है जब पीहू हालात के हाथों मजबूर चन्दन की माँ माया पर उसकी ही बन्दूक से गोली चला देती है। ये कहानी ऐसे ही उलझे हुवे धागो का तानाबाना है जिसके हर सिरे में पीहू की जिंदगी उलझ कर रह जाती है। यह भूमिका बताते हुए, अगले महीने से शूट के लिए तैयार फिल्म ₹इस देश न आना पीहू₹ के लेखक व निर्देशक एल के कान्तेश ने बताया यह फिल्म मिशन शक्ति और नारी सशक्तिकरण की मिसाल पेश करेगी। निमार्ता मनीष नागर ने फिल्म के हीरो जय यादव और हीरोइन कनिष्का त्रिवेदी का परिचय कराते हुए कहा कि उन्नाव, कानपुर और आस पास क्षेत्रों में फिल्म का शूट अगले महीने से शुरू हो जाएगा। सह निमार्ता अम्बरीश वर्मा, डॉ मनीष सेंगर और राजू शेख ने कहा जिले के कलाकारों को समुचित स्थान फिल्म में देकर उत्तर प्रदेश में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने की कोशिश की गयी है। कार्यक्रम का संयोजन कर रहे मीडिया प्रभारी प्रमोद त्रिपाठी ने टीम सदस्यों के साथ फिल्म का पोस्टर लांच कराया। निमार्ता मंडल से महेश उपाध्याय ने कहा कि इस फिल्म के निर्माण से समाज को आइना दिखाने का काम किया जा रहा है। अभिनेता जय यादव ने कहा यू पी में ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहता हूं ताकि फिल्मो में यहां के नवोदित कलाकारों को भरपूर काम मिल सके। निमार्ता मनीष नागर, महेश उपाध्याय व अभिनेता जय यादव, निर्देशक एल के कान्तेश ने सभी के प्रति आभार जताते हुए बताया उड़ान एंटरटेनमेंट और एम एस कबीर फिल्म्स के सहयोग से जय यादव फिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म का प्रोडक्शन किया जा रहा है।

# नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी का पहली बार आगमन हुआ। उन्होंने सबसे पहले सफीपुर की अधिष्ठात्री माता शंकरी देवी मंदिर में दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। कार्यकताओं ने नगर के मुख्य चौराहों पर फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। जय श्रीराम और भाजपा समर्थन में नारे लगाए गए। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व सभासद नीरज सैनी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विमल विश्वकर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं। वे सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण काम करते हैं। अवस्थी ने भरोसा दिलाया कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें विकास और सुशासन पर काम कर रही हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें। नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यकताओं ने जगह-जगह जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया। अवस्थी ने सभी का धन्यवाद किया और संगठन को मजबूत करने का वादा किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोगों ने भी शुभकामनाएं दीं।

# फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में स्टेशन रोड निवासी 35 वर्षीय ऑटो चालक शशिकांत गुप्ता ने घरेलू तनाव के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। शशिकांत दो विवाह कर चुके थे। उनकी पहली पत्नी लक्ष्मी का पहले ही निधन हो चुका था। वर्तमान में वे दूसरी पत्नी सुधा के साथ रह रहे थे। उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। गुरुवार शाम को शशिकांत ने अपने घर में रस्सी से फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उन्हें देखा तो तुरंत पड़ोसियों को बुलाया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को जब शव मोर्चरी हाउस पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी सुधा और बच्चों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, शशिकांत मेहनती और मिलनसार व्यक्ति थे। वे पिछले कुछ समय से घरेलू कलह और आर्थिक तंगी के कारण तनाव में थे।थाना अचलगंज प्रभारी के अनुसार प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले की गहन जांच कर रही है।

# फिलिस्तीनी मजलूमों के समर्थन में एकजुट होकर आवाज की बुलंद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। चौधराना स्थित शिया जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज के बाद यौमे कुस मनाया गया। शिया समुदाय के लोगों ने फिलिस्तीनी मजलूमों के समर्थन में एकजुट होकर आवाज बुलंद की। इमामे जुमा मौलाना रजा अब्बास ने कहा कि यौमे कुस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का दिन है। उन्होंने फिलिस्तीन के मजलूमों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ हमेशा खड़े रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान अमेरिका और इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ।शिया जामा मस्जिद ने विश्व समुदाय से फिलिस्तीन के निर्दोष नागरिकों की रक्षा की अपील की। प्रतिभागियों ने कहा कि यौमे कुस पूरी इंसानियत का मुद्दा है। यह दिन हर साल रमजान के आखिरी शुक्रवार को मनाया जाता है। प्रशासन अलर्ट रहा इसकी शुरूआत 1979 में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह रुहोल्लाह खुमैनी ने की थी। प्रशासन पहले से सतर्क था। पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

# शिक्षा चौपाल का आयोजन, नन्हे मुन्ने बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खण्ड हिलौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदी व खजुआ में गुरुवार को शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव तथा शिक्षा चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान नन्हें-मुन्हें बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति कर सभी का मन मोहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एआरपी डीके मिश्रा ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। विद्यालय में सभी संसाधनों की व्यवस्था कराई जाएगी। छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें ताकि, वह अपनी मंजिल तक पहुंच सकें, कहा कि बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। बच्चों ने योग, वृक्ष का महत्व, सोशल मीडिया के दुष्परिणाम आदि नाटकों की प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं एआरपी पद से अपना कार्यकाल



पूर्ण कर रहे डीके मिश्रा को विद्यालय शिक्षक और शिक्षिकाएं उनको प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर शशिलता, देवेंद्र कुमार, रमेश सिंह, अंजू देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में श्री राम की कथा का सुनाया गया प्रसंग

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र के गौरी गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन आचार्य नीरज सरोज ब्रह्मचारी ने श्रोताओं को संबोधित किया। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया। आचार्य ने बताया कि श्रीराम केवल एक महान राजा ही नहीं थे। उनके श्रेष्ठ कर्म और मर्यादित आचरण के कारण उन्हें 'मयार्दा पुरुषोत्तम' कहा जाता है। उन्होंने रामचरित मानस के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। श्रीराम ने जीवन में सत्य, धर्म और न्याय की रक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना किया। उन्होंने कभी अपने आदर्शों से समझौता नहीं किया। आचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। ऐसे में राम के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपना जीवन सार्थक बना सकते हैं। कथा आयोजक संतोष कुमार त्रिवेदी ने बताया कि यह आयोजन पूरे गांव के लिए आध्यात्मिक उत्सव बन गया है। रविवार को कथा समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के कई प्रमुख लोग शामिल हुए। इनमें अमित कुशवाहा, दीपक, अंशु त्रिवेदी, रामेंद्र द्विवेदी और जटाशंकर द्विवेदी, नन्हे विश्वकर्मा, नत्थू राठौर आदि प्रमुख थे। कथा के अंत में आचार्य ने भक्तों से श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति का अर्थ है अपने आचरण को शुद्ध करना और समाज के लिए उपयोगी बनना। कथा स्थल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

# चूल्हे से निकली चिंगारी से तीन घरों में लगी आग



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के एक गांव में चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गई देखते देखते तीन घरों को आग ने अपने चपेट में ले लिया जिससे हजारों की गृहस्थी जल कर राख हो ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया

क्षेत्र के नसरतपुर जंगलेमऊ में शुक्रवार दोपहर चूल्हे की चिंगारी से छप्पर मे आग लग गई जिससे फूलमती , जयकरन, श्री कृष्ण तीन लोगो के छप्पर जलकर राख हो गए, छप्पर के नीचे रखा हजारों का अनाज जल कर राख हो गया ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया

तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि सूचना पर राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है भेजा गया है।

# मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का कार्यक्रम का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केंद्र में राष्ट्रीय मधुमक्खी एवं शहद मिशन योजना के अंतर्गत वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में कुल 25 प्रगति शील कृषक ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा नवीन शर्मा ने बताया कि मधुमक्खी पालन एक ऐसा उद्यम है जिससे किसान अपने खेती का भी उपज बढ़ा सकते हैं और उद्यम से लाभ भी ये एक डबल फायदे का उद्यम हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ जय यादव ने किसानों को बताया कि मधुमक्खी पालन करके आप अपने फसलों की उत्पादकता भी बढ़ा सकते हैं जिससे आपकी फसल अच्छी तो होगी ही साथ ही साथ शहद का भी उत्पादन होगा। डा ए के सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक ने किसानों को बताया कि मधुमक्खी पालन का उद्यम स्थापित करें और अपने फसल की उत्पादकता भी बढ़ा सकते हैं। डा अर्चना सिंह वैज्ञानिक गृह विज्ञान ने किसानों को मार्केटिंग के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई इस मौके पर डा रत्ना सहाय , रमेश चंद्र मौर्या, धीरज तिवारी, सुनील सिंह।

# क्षत्रिय समाज में सपा सांसद के खिलाफ रोष,महाराणा सांगा पर विवादित टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षत्रिय समाज ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन का जोरदार विरोध किया। विरोध का कारण सांसद द्वारा महाराणा सांगा पर की गई विवादित टिप्पणी है। शुक्रवार शाम को तिकोनिया पार्क में क्षत्रिय समाज के लोग एकत्रित हुए। समाज के नेता कमलेश सिंह ठाकुर ने कहा कि सांसद ने देश के वीर सपूत के बारे में अनर्गल बयानबाजी की है। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। प्रदर्शनकारियों ने सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सांसद का पुतला फूंका और जूते भी बरसाए। इस विरोध प्रदर्शन में क्रय विक्रय अध्यक्ष रणंजय प्रताप उर्फ मोनू सिंह, अजय बहादुर सिंह, गुड्डू सिंह, अरविंद कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, संदीप बाजपेई और आनंद सिंह समेत सैकड़ों क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

# गेहूं के खेत में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र में एक गेहूं के खेत से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। यह शव जगतखेड़ा और मसवाली गांव के बीच स्थित खेत में मिला। स्थानीय लोगों ने दुर्गंध फैलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम की प्रारंभिक जांच में शव करीब 20-22 दिन पुराना होने का अनुमान लगाया गया है। शरीर पर सड़न के कारण पहचान करना मुश्किल हो रहा है। शव के पास से कोई पहचान पत्र या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।थाना कोतवाली सदर प्रभारी पीके मिश्र के अनुसार, पुलिस लापता व्यक्तियों के रिकॉर्ड खंगाल रही है। आसपास के जिलों की पुलिस से भी संपर्क किया जाएगा। पुलिस ने फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की मदद से साक्ष्य जुटाने का काम शुरू कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि यह हत्या का मामला हो सकता है। उनका कहना है कि पहचान छिपाने के लिए शव को यहां फेंका गया होगा। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। घटना से आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है।



# ब्लैकमेलर ने महिला से वसूले 30 हजार

## तेजाब से जलाने की धमकी देकर अब 2 लाख की मांग, राजस्थान का बताया पता

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, एक महिला के साथ ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। आरसी मिशन थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। तीन साल पहले महिला को एक अनजान नंबर से फोन आया था। फर्जी आईडी से कॉल करने वाले व्यक्ति ने बातचीत के दौरान उसके रिश्तेदारों के नंबर ले लिए। इसके बाद वह महिला को बदनाम करने की धमकी देने लगा। आरोपी शाहजहांपुर आया। उसने हनुमत धाम धर्मशाला में ठहरने की बात कही। आरोपी ने महिला से 30 हजार रुपये की मांग की। बदनाम होने के डर से पीड़िता ने रुपये दे दिए। आरोपी ने खुद को अश्विनी प्रजापति बताया। उसने अपना पता उदयपुर रोड स्थित पिनवाड़ा थाना क्षेत्र का बताया। पैसे लेने के बाद आरोपी ने महिला पर अपने साथ भागने का दबाव बनाया। मना करने पर उसने तेजाब से जलाने की धमकी दी। इतना ही नहीं, अब आरोपी ने दो लाख रुपये की नई मांग कर दी है। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सम्पादकीय

# पीओके लेने के लिए ठोस कदम उठाए भारत

पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को लेने के लिए भारत को ठोस कदम के साथ आगे बढ़ना होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने एक बार फिर से कहा है कि पाकिस्तान पीओके पर अवैध कब्जा जारी रखे हुए है, जो उसे खाली करना होगा। यूएन में पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। यूएन की रूटीन चर्चा में भी पाक कश्मीर पर ही अपना मुंह खोलता है। भारत ने हर दफा मुंहतोड़ जवाब दिया है। यूएनएससी में इस बार भी पीस कीपिंग चर्चा के दौरान जब पाक ने कश्मीर पर अनर्गल बात की तो, भारत ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना ही होगा। यूएन में पाक के इस तरह के बार-बार उल्लेख न तो उनके (पाकिस्तान के) अवैध दावों को मान्य करते हैं और न ही उनके राज्य प्रायोजित सीमा पार से आतंकवाद को उचित ठहराते हैं। पाकिस्तान को अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए यूएन मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। कश्मीर को लेकर पाकिस्तान ने हमेशा ही झूठ बोला है। पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, पीओके विदेशी जमीन है, वह पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। पाकिस्तान के संविधान का आर्टिकल एक कहता है कि पाकिस्तान में बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और सिंध प्रांत हैं। उसके संविधान में पीओके का कोई जिक्र नहीं है। पाकिस्तान ने संविधान में पीओके का जिक्र आर्टिकल 257 में किया है, जिसमें कहा गया है कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा तब ही होगा जब वहां के लोग हमसे जुड़ना चाहेंगे। पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2024 की तारीख 31 मई को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में कहा था कि पीओके विदेशी जमीन है। उस वक्त कश्मीरी कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह की किडनैपिंग के मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी। इस दौरान पाकिस्तान के अटार्नी जनरल ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर विदेशी जमीन है। ऐसे में पाकिस्तान को पीओके से अपने अवैध कब्जे को तत्काल हटाना चाहिए और यूएन में कश्मीर को लेकर बार-बार झूठ नहीं बोलना चाहिए। अब समय आ गया है कि केवल बातों और बयानों से भारत पीओके हासिल नहीं कर सकेगा, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक व सामरिक दबाव बढ़ाना होगा, यूएन जैसे ग्लोबल मंचों का इस्तेमाल भी पीओके के लिए करना होगा। ताकतवर देशों के साथ मजबूत संबंध के बाद अब भारत को पीओके की दिशा में सामरिक कदम पर विचार करना चाहिए। पाकिस्तान का मानना है कि पीओके के लोग जब जुड़ना चाहेंगे, तब वह उसका हिस्सा होगा। भारत को पाकिस्तान की इस संवैधानिक स्थिति का फायदा उठाना चाहिए, क्योंकि पूर्व में कई बार पीओके के लोग पाक एस्टाब्लिशमेंट के खिलाफ मुखालफत कर चुके हैं। पीओके के लोगों को भारत में मिलने के लिए जनमत के जरिये आगे आना चाहिए। पीओके में पाकिस्तान विरोधी आंदोलन भारत के लिए एक अवसर जैसा है। 1947 में जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह ने भारत में विलय के लिए हस्ताक्षर भी किया था। यह कानूनी स्थिति भारत के पक्ष में है। कई स्थितियां हैं, जिससे भारत पीओके हासिल कर सकता है। पीछे चार बार के युद्ध के दौरान भारत ने पीओके व गिलगित बाल्टिस्तान को हासिल करने में अवसर गंवाए हैं। शांति के माहौल में वार्ता से भी भारत पीओके हासिल कर सकता है, हालांकि यह कठिन राह है।

# उपलब्धियां कई पर चुनौतियां भी अनेक



मूल्यांकन
अरविंद जयतिलक

उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है।

किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के महत्व-मूल्यांकन, उपलब्धियां-चुनौतियां एवं जनता की कसौटी पर खरा उतरने-परखने के लिहाज से आठ वर्ष का समय पर्याप्त होता है। इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। 2017 में सत्ता की लगाम थामते ही सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में लघु एवं सीमांत किसानों के एक लाख रुपये तक का फसली ऋण माफ किया। इस निर्णय से 2.15 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। आज आठ वर्ष बाद योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार ने विगत आठ वर्षों में गन्ना किसानों को 2.87 लाख करोड़ रुपये का भुगतान कर उनके चेहरे पर खुशियां ला दी हैं। गौर करें तो यह 1994 से 2016 यानि 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी 60 हजार करोड़ रुपये अधिक है। सफल कृषि नीति से राज्य में 23 हजार हेक्टेअर सिंचन भूमि में वृद्धि हुई है।

इसी तरह अनाज उत्पादन में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अच्छी बात यह कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को परंपरागत कृषि की जगह बाजार की मांग के अनुसार खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। गौर करें तो उत्तर प्रदेश की कृषि सूखा, बाढ़ और ओले के प्रहार से बर्बाद होती रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया है। इसके दायरें में बंटाईदारों को भी लाया है। सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को दिए जाने वाले हर चौथे महीने दो हजार रुपये का भुगतान को भी सुनिश्चित किया है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। कृषि को मजबूती देने के लिए सरकार ने गोवंश की रक्षा के लिए कानून बनाए हैं और अवैध बुचड़खानों को बंद कराया है। कृषि उत्थान के साथ-साथ उद्योग-धंधे और कल-कारखानों का विकास होना आवश्यक है। इस दिशा में सरकार ने 2018 में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया। आंकड़ों पर गौर करें तो विगत आठ वर्षों में राज्य में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इसमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। इससे तकरीबन 60 लाख नौजवानों को रोजगार मिला है। आठ वर्षों में प्रदेश का जीएसडीपी 2017 के मुकाबले दोगुना होकर 27.51 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। 'इज ऑफ डूइंग' बिजनेस से उद्योगों एवं कल-कारखानों को नई संजीवनी मिली है। विश्व बैंक की कारोबारी सुगमता रैंकिंग में उत्तर प्रदेश 2017 में 14वें स्थान पर था, जो आज दूसरे स्थान पर है। सरकार ने राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार संवर्धन नीति-2017 लागू की जिसके परिणामस्वरूप निवेशकों को कर में छूट एवं सब्सिडी तथा जमीन आवंटन में मदद मिली है। सरकार ने राज्य में 33 सेक्टोरल पॉलिसी को धार दी है जिससे



उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास का नया धूमकेतु बनकर उभरा है। सरकार की ठोस पहल के कारण डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल फॉर्मा सेक्टर को पंख लगा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इन योजनाओं से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। नोएडा के बाद बीडा के रूप में उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त इलाके बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाया जा रहा है। बुंदेलखंड में ड्रग व फार्मा की स्थापना और रक्षा औद्योगिक गलियारे का काम भी तेजी पर है जो कि न सिर्फ इस इलाके को दुनिया के नक्शे पर लाएगा बल्कि इसके जरिए मेक इन इंडिया अभियान को भी प्रोत्साहन मिलेगा। करीब पांच हजार हेक्टेयर में यह गलियारा छह शहरों लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट में विकसित होगा। योगी सरकार ने इसमें रक्षा से जुड़े उद्योग लगाने वाले निवेशकों को विशेष रियायत देने की पेशकश की है। अच्छी बात यह है कि पांच दर्जन से अधिक कंपनियों ने रक्षा औद्योगिक गलियारा में निवेश करने के लिए अभिरुचि दिखायी है। गौर करें तो यूपी सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को पाटने के लिए एक्सप्रेसवे का जाल बिछा रही है। मौजूदा समय में 6 एक्सप्रेस वे संचालित हैं और 11 पर काम जारी है। गंगा एक्सप्रेस वे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में 2017 तक एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 491 किमी थी जो आज 2024 में बढ़कर 1225 किलोमीटर हो गई है। 32 हजार किलोमीटर से अधिक लंबाई के मार्गों का नवनिर्माण हुआ है और 25 हजार किलोमीटर के मार्गों का चौड़ीकरण हुआ है। किसी भी राज्य के विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद आवश्यक है। कनेक्टिविटी बढ़ने से राज्य के विकास और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। सरकार इस दिशा में पहल कर राज्य के आठ शहरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ रही है। गौर करें तो 2017 तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ 4 एयरपोर्ट थे। आज उत्तर प्रदेश 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर है जिनमें 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार हो चुका है जो देश का सबसे बड़ा कार्गो हब बनने जा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, पर्यटन, निर्यात, रोजगार और कानून-व्यवस्था में मजबूती एक महत्वपूर्ण कारक होता है। 2017 में प्रतिव्यक्ति आय 46 हजार रुपये थी जो आज 2024 में बढ़कर एक लाख 24 हजार रुपये हो गई है। बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत पर आ चुकी है। एमएसएमई एवं निजी क्षेत्र में दो करोड़ और ओडीओपी योजना से 2.54 लाख लोगों को रोजगार मिला है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण तकरीबन 8.5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और 3.75 लाख लोगों को संविदा पर नौकरी मिली है।

पर्यटन क्षेत्र को पंख लगा है और रोजगार की संभावनाओं के द्वार खुले हैं। 2017 से पहले 21 करोड़ पर्यटक आए थे लेकिन 2024 में यह संख्या बढ़कर 67 करोड़ हो गई है। अयोध्या, काशी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, चित्रकुट और विंध्याचल पर्यटकों से वर्ष भर गुलजार रहते हैं। सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए लगातार ठोस पहल कर रही है। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार का कदम सख्ती भरा है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 222 अपराधी मारे जा चुके हैं। 28000 से अधिक अपराधी जेल भेजे गए हैं। माफियाओं के अवैध कब्जे से लगभग 3000 करोड़ की संपत्ति जब्त हुई है। कुल मिलाकर कहें तो अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है। इसके लिए वह बधाई की पात्र है।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊँचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। यहाँ हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादें लेकर आते है।

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। प्राचीनकाल से मनुष्य वस्तुओं का परिवार के लिए संचय ही करते आया है। इस संचय का वह सीमित लाभ ही उठा पाता है। जानते हुए भी मनुष्य की प्रवृत्ति संचय की होती है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## हैप्पीनेस
डॉ. राजेश के. पिलानिया



# खुशी की सरल-कठिन चुनौती

*खुशी के बारे में सरल बात यह है कि यह बहुत कठिन है*
*खुशी के बारे में कठिन बात यह है कि यह बहुत सरल है!*

खुशी को अक्सर जीवन का अंतिम लक्ष्य बताया जाता है। हम में से ज्यादातर लोग खुशी की तलाश करना चाहते हैं, लेकिन फिर भी, हमारे आसपास बहुत सारा तनाव और नाखुशी है। खुशी की यात्रा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक चुनौती है खुशी की सरल-कठिन चुनौती। अपने पंद्रह साल के खुशी के काम में, मैंने लोगों के दो बड़े समूह देखे हैं: जो लोग खुश हैं और जो लोग खुश नहीं हैं। जब मैं नाखुश लोगों से मिलता हूं, तो मैं एक आम समस्या देखता हूं, जिसे मैं खुशी की सरल-कठिन चुनौती कहता हूं।

अपने संवादों में, मैं नाखुश लोगों की बात धैर्य से सुनता हूं।

लोगों का एक समूह ऐसा है जो कहता है,

"खुशी बस खुश रहना है।" "खुशी बस मन की स्थिति है।" "खुशी मेरे अंदर है।" "खुशी के बारे में क्या सीखना है?" और इसी तरह, ये लोग सोचते हैं कि खुशी आसान और सरल है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। लोगों का एक दूसरा समूह है जो कहता है,

"खुशी बहुत मुश्किल है।" "पता नहीं खुश कैसे रहें।" "खुशी मेरे लिए नहीं है।" "मुझे यकीन नहीं है कि मैं खुश हो सकता हूँ।"

"पहले मुझे अपनी जिम्मेदारियां, काम संभालना है, और बाद में खुशी।"

"मोक्ष और निर्वाण प्राप्त करना इतना असंभव है।" और इसी तरह, ये लोग सोचते हैं कि खुशी मुश्किल और जटिल है। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। वे खुश होने को निकट भविष्य में एक संभावना के रूप में नहीं देखते और खुश होने की कोशिश करने से पहले ही हार मान लेते हैं। यही है जिसे मैं सरल-कठिन चुनौती कहता हूं, यानी कुछ लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी आसान है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। दूसरे लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी मुश्किल है और इसे आजमाते ही नहीं। यह खुशी के अनुशासन या हमारे लिए अच्छा नहीं है। हमें खुशी का एक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा। खुशी न तो उतनी सरल है और न ही उतनी मुश्किल जितना हम सोचते हैं। हमें यह जागरूकता होनी चाहिए कि स्थायी खुशी मुश्किल है, लेकिन इसे छोटे कदमों से शुरू करके और निरंतरता बनाए रखकर आसान बनाया जा सकता है। व्यवहार विज्ञान में शोध दिखाता है कि छोटे से शुरू करके हमारे व्यवहार को बदलना संभव है। मस्तिष्क विज्ञान में शोध यह भी दिखाता है कि जब हम छोटे कदमों से शुरू करते हैं जो कम ऊर्जा लेते हैं, तो हमारा मस्तिष्क इसका समर्थन करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सकारात्मक सोच से दूर होगा डिप्रेशन

आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में आज बहुत से लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। यह भी सच है कि जब किसी को दो वक्त की रोटी नसीब न हो पाए, बच्चों की पढ़ाई का खर्च पूरा न हो पाए या फिर दूसरे जरूरी खर्च पूरे न हो पाए तो ऐसी परिस्थितियों में कोई भी व्यक्ति तनाव में आ सकता है। फिर भी कोशिश करनी चाहिए कि दिल-दिमाग पर तनाव हावी न हो पाए, क्योंकि तनाव लेने से किसी भी समस्या का हल तो नहीं निकल सकता। डिप्रेशन बहुत से लोगों की जान का दुश्मन बनता आ रहा है। कोई डिप्रेशन का शिकार न हो, इसके लिए किसी को भी न तो घर-परिवार में और न ही अपने ऑफिस में नकारात्मक बातें करनी चाहिए। सकारात्मक सोच से ही डिप्रेशन दूर होगा।

*– रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### अलगाववाद अब इतिहास



कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### दिल्ली का होगा विकास



हमारी सरकार का संकल्प है कि विकसित दिल्ली बजट में सिर्फ़ वादे नहीं, बल्कि मजबूत नींव डाली जाएगी। स्मार्ट इंफ्रा, सुगम सड़कें और स्टीम लैस कनेक्टिविटी के साथ अब दिल्ली होगी और अधिक विकसित और सुविधाजनक।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सोना सुरक्षित निवेश



जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत अनिश्चितता होती है, तो सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाती है। सबसे सुरक्षित निवेश के रूप में, सोना चमकने वाला है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### ब्रह्मांड का हिस्सा



आप इस विशाल ब्रह्मांड का एक छोटा सा महत्वहीन हिस्सा हैं... फिर भी इस क्षण आपके अस्तित्व के बिना ब्रह्मांड का ताना-बाना ढह जाएगा... आप इस क्षण में इतने महत्वपूर्ण हैं..।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# न्यूयार्क में मनाया गया बिहार दिवस

न्यूयॉर्क में 'बिहार दिवस' मनाने के लिए शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति एवं विरासत को सराहा गया और राज्य से संबंध रखने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के चार विशिष्ट सदस्यों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 'बिहार फाउंडेशन यूएसए' (ईस्ट कोस्ट) ने बताया कि यह आयोजन उसके, भारतीय वाणिज्यदूतावास और 'बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका' (बीजेएएनए) के सहयोग से किया गया। इसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 130 से अधिक सदस्य शामिल हुए



## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम

जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है



## संक्षेप

### पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक हरेन्द कुमार मिश्र ने वांछित अभियुक्त सकलैन उर्फ मो. सकलैन पुत्र सिपतैन को गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त पर फिरोज अहमद निवासी डिहवा शेरबहादुर सिंह से विदेश भेजने के नाम पर तीन लाख रुपये की ठगी करने का आरोप था। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह बढौली पड़ाव से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि थाना कैसरगंज में अभियुक्त मो0 सकलैन के विरूद्ध पंजीकृत मु०अ०सं० 70/2023, धारा 419/420/ 467/ 468/ 471/406 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत था। पुलिस काफी दिनो से अभियुक्त की तलाश मे थे। गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम मकसूदिया थाना फूलपुर जनपद आजमगढ का रहने वाला है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कौसर अली, जंगबहादुर वर्मा और चन्द्रभान यादव शामिल रहे।

### काली पट्टी बांध वक्फ संशोधन बिल का शांतिपूर्वक जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर के मुसलमानों से अपील की है कि वे वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में रमजान के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमा पर काली पट्टी बांधें।इसी क्रम में थाना फखरपुर क्षेत्र के रूकनापुर डीहा ग्राम पंचायत में मुसलमान ने दाहिने हाथ पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्वक मस्जिदों में नमाज अदा की और उसके बाद वापसी घर चले गए।स्थानीय लोगों ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल अवार्ड के निदेर्शानुसार हम लोग दाहिने हाथ में काली पट्टी बांधकर वक्त संशोधन विधेयक बल का शांतिपूर्वक विरोध जाता रहे हैं। बोर्ड ने लिखा, 'वक्फ संशोधन विधेयक 2025 एक षड़यंत्र है जिसका उद्देश्य मुसलमानों को उनकी मस्जिदों, ईदगाहों, मदरसों, दरगाहों, खानकाहों और कब्रिस्तानों से वंचित करना है।ये सब हमसे छीनने की कोशिश की जा रही है। इसलिए देश के हर मुसलमान की जिम्मेदारी है कि वह इस बिल का कड़ा विरोध करे। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सभी मुसलमानों से अपील करता है कि वे जुमातुल विदा पर मस्जिद में आते समय विरोध की मौन और शांतिपूर्ण अभिव्यक्ति के रूप में हाथों में काली पट्टी बांधें।

### भदैंया में सफाई व्यवस्था बदहाल

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, भदैंया पंचायत में स्थिति चिंताजनक हो गई है।विकास खंड की सबसे बड़ी इस पंचायत में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पिछले दो साल से बंद पड़ा है।

# संपूर्ण समाज को नई दिशा प्रदान करता है शिक्षकः पूर्व सांसद

## नानपारा के गोल्डेन पॉम मे शैक्षिक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

अमन लेखनी समाचार





बाबागंज, बहराइच।विकास क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम पंचायत प्रधानों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन गोल्डन पाल्म नानपारा में किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्षयबरलाल गौड़ तथा विशिष्ट अतिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह तथा रूपईडीहा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संचालित शैक्षिक योजनाओंको जन-जन तक पहुंचाना तथा उनकी प्रभावशालीता को सुनिश्चित करना रहा।मंच संचालन एआरपी सुनील कुमार द्वारा किया गया।एआरपी राकेश मौर्या एवं निर्मला शुक्ला द्वारा डीबीटी के माध्यम से बच्चों को दी जाने वाली आर्थिक मदद तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवरलाल गौड़ ने कहा कि शिक्षक मात्र वेतनभोगी नहीं होता वह समाज का मार्गदर्शक होता है, वह न केवल बच्चों बल्कि संपूर्ण समाज को नई दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने कहा कि शिक्षा वह प्रकाश पुंज है जिसके प्रज्वलित होते ही जीवन के समस्त विकार मिट जाते हैं। ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं सुलभ कर दी गई हैं ऐसे में शिक्षकों का नैतिक दायित्व बनता है कि बच्चों को अपेक्षित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनके जीवन लक्ष्य प्राप्ति में सहायक बने। रुपईडीहा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ.उमाशंकर वैश्य ने इस तरह की कार्यशालाओं को शिक्षकोंऔर जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद और समन्वय बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा निपुण विद्यालय के शिक्षकों,नोडल संकुल शिक्षकों एवं एआरपी को सम्मानित किया गया।इस मौके पर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, वैभव सिंह बिसेन, जितेंद्र सिंह, अभय त्रिपाठी, अरविंद कुमार वर्मा, तीरथराम, सुग्रीव वर्मा,अजय मिश्रा, विनोद कुमार गिरि, अजय कुमार, आनंद भूषण मिश्रा, अविराज सैनी, कैलाश नाथ वर्मा, रवीन्द्र यादव, अरविंद सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं प्रधानमौजूद रहे।

# गौरैया संरक्षण के लिए अपर जिला जज ने मिथिलेश को किया सम्मानित

- मिथिलेश ने अपर जिला जज को भेंट किया गौरैया बॉक्स
- सर्वोदय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मिला सम्मान

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। तहसील मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत गुलरा के मजरा भज्जापुरवा गांव निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग मिथिलेश कुमार जायसवाल लंबे समय से गौरैया बचाओ अभियान चला रहे हैं जिससे विलुप्त हो रही गौरैया की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है।शुक्रवार को नगर पंचायत मिहींपुरवा में स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर एवं नशा उन्मूलन एवं पर्यावरण जागरूकता चौपाल में मुख्य अतिथि अपर जिला जज विराट शिरोमणि, पूर्व सांसद अक्षयवर गोंड ,कानून विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रवण मदेशिया, समाजसेवी राजेश जोशी ,रूल ऑफ ला सोसायटी के प्रमुख संजीव श्रीवास्तव ने भारत माता का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। मिथिलेश जायसवाल ने अपर जिला जज विराट शिरोमणि को गौरैया संरक्षण के लिए गौरैया बाक्स भेंट किया। अपर जिला जज सहित मौके पर मौजूद अतिथियों ने मिथिलेश जायसवाल के द्वारा संचालित किए जा रहे गौरैया बचाओ अभियान की सराहना की।इस मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण के तहसील सदस्य हंसराम आजाद, अमित कुमार, समाजसेवी राकेश श्रीवास्तव, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, संजीव गोंड सहित काफी संख्या में शिक्षक विद्यार्थी व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रवादी किसान क्रांतिदल पार्टी ने किया सम्मेलन



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। स्थानीय कस्बा बाबागंज में राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल का सम्मेलन आयोजित किया गया।प्रदेश अध्यक्ष रामजी तिवारी की अध्यक्षता में बाबागंज सहकारी समिति लिमिटेड परिसर में आयोजित सम्मेलन में किसानों की समस्याओं पर परिचर्चा की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डी के मिश्रा ने किसानों को एमएसपी निर्धारण करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी आठ अप्रैल को मंगल पाण्डेय की पूर्णतिथि में सभी को आमंत्रित भी किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अदालत प्रसाद पांडेय वकार्यक्रम व्यवस्थापक श्याम कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके परपरशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र तिवारी, डी के मिश्रा जिलाध्यक्ष राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल, संतोष उपाध्याय जिला प्रभारी, उमेश अवस्थी जिला संयोजक, सतेन्द्र पांडेय, समाजसेवी, बद्री सिंह, राहुल ओझा, राजेश वर्मा, मोनू कुरेशी, गोपाल मिश्रा, बड़कऊ चक्रवती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रमजान माह के अंतिम जुमा को जुमअतुलविदा के रूप में मनाया गया

## मुल्क में समाजिक एकता और देश के कल्याण के लिए मांगी दुआ

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। रमजान माह के अंतिम जुमा को जुमअतुलविदा के रूप में मनाया जाता है,जिसे छोटी ईद भी कहा जाता है। यह दिन रमजान के पाक महीने के समापन और ईदुल फितर के आगमन का प्रतीक है। इस अवसर पर रुपईडीहा के मुस्लिम समुदाय ने अपनी विशेष नमाज अदा की और देश में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ माँगी। अलग अलग मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने मस्जिदों में जुटकर अलविदा की नमाज अदा की। रुपईडीहा स्थित विभिन्न मस्जिदों में जुमअतुलविदा की नमाज के लिए विशेष तैयारी की गई थी। मस्जिद कमेटी के इंतेजामकारों ने नमाजियों की बड़ी तादाद को देखते हुए व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखा। माल गोदाम रोड पर स्थित जामा मस्जिद में हाफिज कशीद,मुनीरगंज की मस्जिद में मौलाना असरार अहमद कासमी, रुपईडीहा गांव की मस्जिद में मौलाना शाहबाज खान चिश्ती और बर्थन्वा में हाफिज समसुल हक,नई बस्ती हाफिज अजीज ने नमाज अदा कराई।जुमअतुलविदा की नमाज के बाद नमाजियों ने अपने मुल्क के लिए अमन,चैन और खुशहाली की दुआ की। साथ ही समाजिक एकता और देश के कल्याण के लिए दुआएं भी कीं। नमाजियों का कहना था कि इस विशेष दिन पर अल्लाह से मुल्क में शांति और भाईचारे के लिए दुआ की जा रही है ताकि आने वाला समय और बेहतर हो और समाज में सद्भाव और एकता कायम रहे।

# एसकेएस कालेज सबलापुर में छात्र-छात्रों को बताये गए योगा के गुर



अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। बहराइच-सीतापुर हाईवे मार्ग के सबलापुर स्थित डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में छात्र-छात्राओं को योग कराया गया। योगाचार्य ने योग का महत्व बताया और रोजाना व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया। योगा एक्सपर्ट डा. प्रियंका शर्मा ने छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार के बारे में बताया। सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम,कपाल भांति , वृक्ष आसन, ताडा आसन, गिरवाचालन समेत विभिन्न योग सिखाए गए। उन्होंने बताया कि योगा, आसन व प्राणायाम का नियमित अभ्यास करने से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बना रहता है। योग से शरीर लचीला, मजबूत और संतुलित बनता है। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर व पाचन को सुधारता है। योगा में प्रिया, प्रीती, अंजली मिश्रा,मीनू , पूजा, प्रणेश शुक्ला, कृष्ण कांत, वीरेंद्र, आराध्या समेत बीएएमएस प्रथम वर्ष के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। इस मौके पर डॉ. मुकेश माहिच, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. चन्द्र शेखर, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. मनीष शुक्ला, संजय गौतम, महेंद्र शुक्ला, जेपी शुक्ला, अरुण यादव, सौरभ शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम के सामने फफककर रो रहे ग्रामीण, साहब मेरा कुछ नहीं बचा

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। अज्ञात कारणों से लगी आग में गांव मे बने फूस के सभी मकान जलकर हुए राख। एसडीएम व तहसीलदार नानपारा सहित खैरीघाट पुलिस बल मौजूद।

जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तिगडा के मजरा मोतीपुरवा में आज लगभग 03 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे गांव में बने फूस के समस्त मकान गृहस्थी सहित जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गए।इस भयानक आगजनी से क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल है। सूचना पर पहुंची दमकल टीमें आग पर काबू पाने में प्रयासरत हैं। वहीं एसडीएम नानपारा ने राजस्व टीम सहित मौके का दौड़ा किया है। खैरीघाट थाना प्रभारी जयदीप दुबे दलबल सहित घटनास्थल पर मौजूद हैं। हालांकि इस भयानक आगजनी मे कितने घर जले हैं इसका अभी तक आकलन नहीं हो सका है। एसडीएम अंजनी यादव व तहसीलदार नानपारा ने राजस्व टीम के साथ मौके का जायजा लिया है। उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसमुझ वर्मा से आगजनी से पीड़ित परिवारों को भोजन पानी सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने किया जनपद का दौरा

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक खंड निर्वाचन क्षेत्र के विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के प्रांगण में दोपहर लगभग एक बजे पहुंचे वहां, पर पहले से उपस्थित जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद एवं जिला मंत्री शशीन्द्र पाठक तथा कोषाध्यक्ष रामपाल यादव के नेतृत्व में जनपद के शिक्षक भारी संख्या में उपस्थित थे सभी लोगों ने विधायक को माल्यार्पण कर स्वागत किया। महिला शिक्षिकाओं में कमला वर्मा, सुशीला कुमारी एवं शुप्रिया राव ने पुष्प गुच्छ देकर विधायक का स्वागत किया। इसके पश्चात त्रिपाठी ने जनपद बहराइच के दोनों मूल्यांकन केंद्रो राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहराइच एवं राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच का दौरा कर शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं से भेंट की और उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार से मिल कर शिक्षक समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने का आदेश दिया। इस मौके पर शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष कैलाश प्रसाद,राजेंद्र बाबू, गिरवर प्रसाद त्रिपाठी, प्रधानाचार्य गिरजा शंकर पांडे, बृजेंद्र कुमार शर्मा, ज्ञानचंद कनौजिया, डॉक्टर अरविंद कुमार मिश्र, द्रूजेंद्र भूषण पाठक, गजेंद्र मणि मिश्र ,सहित सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

# अलविदा की नमाज पर डीएम एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा अलविदा की नमाज के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा मुसाफिरखाना व जगदीशपुर का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया गया एवं प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना, प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर व गस्त/पिकेट ड्यूटी पर तैनात अधि0/कर्म0गण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया एवं क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह मौजूद रहे।

# इंटरलॉकिंग को लेकर जमकर चले लाठी डंडे, आठ घायल, छः रेफर

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर/बहराइच। बदरका में इंटरलॉकिंग निर्माण कराने को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे और धारदार हथियार, 8 घायल, 6 रेफर।

जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के बदरका गांव में आज शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे इंटरलॉकिंग निर्माण कराने को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। विवाद बढ़ा तो लाठी डंडा और धारदार हथियार भी चलने लगे। घटना में दोनों पक्षों से आठ लोग घायल हो गए। गांव निवासी रमेश कुमार का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले गंगा राम हमारी जमीन की तरफ बढ़ाकर इंटरलॉकिंग लगवाना चाहते है। जिसका विरोध किया तो अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए हमलावर हो गए। बीच बचाव में आए भतीजी गुंजन व चंद्रसेन और दिनेश कुमार पर भी लाठी डंडा और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिससे हम सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से शिवकुमार, सचिन व श्रवण कुमार घायल हो गए। घायलावस्था में दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। सीएचसी प्रभारी शिवपुर डॉ. नलिन राजा ने बताया कि 6 लोगों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष जयदीप कुमार दुबे से जानकारी के लिए दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा मै बाहर हूं, दीवान सत्यप्रकाश से बात कर लीजिए। दीवान सत्यप्रकाश ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ईद पर मोदी स्टाइल कुर्ता बना युवाओं की पसंद

## अमेठी में टेलर्स की दुकानों पर लंबी कतारें, चिकन कुर्तों की भी बढ़ी डिमांड

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, इस बार ईद का त्योहार कुछ खास होने वाला है। यहां मुस्लिम युवाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह कुर्ते पहनने का क्रेज देखने को मिल रहा है। बाजारों में ईद की खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। टेलर्स की दुकानों पर कपड़े सिलवाने वालों की लंबी कतारें लगी हैं। इस बार परंपरागत कढ़ाई वाले सूती कुर्तों की जगह मोदी स्टाइल के कुर्ते और रंग-बिरंगी जैकेट की मांग सबसे ज्यादा है। शहर के पुराने दर्जियों का कहना है कि मुस्लिम युवा वेस्टर्न कैजुअल के साथ-साथ मोदी कट कुर्ते पहनने की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की वेशभूषा और लाइफस्टाइल का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। रमजान का महीना समाप्त होने को है और ईद की तैयारियां जोरों पर हैं। दुकानदारों के अनुसार, कपड़ों की खरीदारी में मोदी कट कुर्ता सबसे अधिक लोकप्रिय है। मोदी स्टाइल में हाफ स्लीव कुर्ते भी युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं।

# बस स्टैंड पर महिला से चेन स्नैचिंग, आंध्र प्रदेश से आई महिला गोद में बच्चा लेकर गिरी

## सीसीटीवी से बदमाशों की तलाश

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बस अड्डे के पास चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। आंध्र प्रदेश से संगम स्नान के लिए आए एक परिवार की महिला सदस्य इस घटना का शिकार हुई। गिरीश कुमार अपनी पत्नी, माँ ममता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ प्रयागराज आए थे। संगम स्नान के बाद उन्होंने बड़े हनुमान मंदिर और मां आलोक शंकरी देवी मंदिर में दर्शन किए। वाराणसी जाने के लिए परिवार सिविल लाइंस बस स्टैंड पहुंचा था। ममता अपने 2 साल के बच्चे को गोद में लिए हुए थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने पीछे से आकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली। घटना में ममता बच्चे के साथ जमीन पर गिर गईं। इस दौरान उनके सिर में चोट लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित परिवार को सिविल लाइंस चौकी ले जाया गया। थाना प्रभारी रामाश्रय यादव के अनुसार, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है।

# संक्षेप

## महाराणा सांगा पर विवादित टिप्पणी का विरोध

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, क्षत्रिय समाज ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समाज के प्रतिनिधियों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। क्षत्रिय समाज का कहना है कि सपा सांसद ने महाराणा सांगा के बारे में जो टिप्पणी की है, वह पूरी तरह झूठी और अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि यह बयान राजस्थान के गौरवशाली इतिहास का अपमान है। इससे हिंदू समाज और देशभक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि त्याग, बलिदान और मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित राणा सांगा के खिलाफ इस तरह की अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने वीर महापुरुषों का अपमान करने के लिए विधिक कार्रवाई की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में सोनू ठाकुर, भव्य सिसोदिया, गुलशन राजपूत, अजय चौहान, मनोज चौहान, डॉक्टर मनोज चौहान, सुनील राजपूत, प्रवीण राजपूत समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विभागीय मंत्री की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, विभागीय मंत्री गौरव गर्ग के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष आदेश चौधरी ने लव जिहाद को रोकने के उपायों पर अपने विचार रखे। प्रांत उपाध्यक्ष प्रेमपाल जी ने संगठन की विशेषताओं के साथ कुंभ मेले में लगने वाले कैंप की योजना पर चर्चा की। प्रांत उपाध्यक्ष प्रदीप त्यागी ने प्रस्ताव रखा कि सभी मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जाए। बैठक में एडवोकेट नमन अग्रवाल, नमन गर्ग, राजेश गुप्ता, एडवोकेट रोहित चौहान, निखिल प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के बाद कृष्ण एनक्लेव स्थित कृष्ण मंदिर में हनुमान चालीसा केंद्र का शुभारंभ किया गया।

## शादी के डेढ़ साल बाद महिला ने फांसी लगाई

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, देहली गेट इलाके में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका दिव्या की शादी सराफा कारोबारी शुभम वर्मा से डेढ़ साल पहले हुई थी। शुभम नील की गली में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी ज्वेलरी की दुकान मकान की निचली मंजिल में है। उनका एक फ्लैट सरस्वती लोक कॉलोनी में भी है। दिव्या कुछ समय से इसी फ्लैट में अलग रहने की जिद कर रही थी। दिव्या ने पति से अलग रहने की बात कही। शुभम ने मना किया और वह अपनी मां के कमरे में चले गए। जब वह कुछ देर बाद अपने कमरे में लौटे तो दिव्या फांसी के फंदे पर लटकी मिली। शुभम तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने दिव्या को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतका के मायके पक्ष की शिकायत का इंतजार कर रही है।

# ग्रेजुएशन डे के माध्यम से स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी कस्बे के अंतर्गत सीपीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को मेधावी छात्र-छात्राओं राइजिंग स्टार व पूर्व छात्र अभिनंदन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा प्राइमरी से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट कर को देखते हुए पुरस्कृत किया गया, जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वालों में उत्कर्ष, आकृति ओमर, परिधि ओमर, बुसरा, अदिति सिंह, अग्रिम गुप्ता, अनिका पटेल, आध्या शुक्ला, आराध्या विश्वकर्मा, अभिषेक यादव, कुंवर प्रताप, रबाब खान, अनुष्का, को प्रथम, शिवांश, दिव्यांश, मंगलम सोनी, स्वास्तिक मिश्रा, अमन सिंह, हार्दिक गुप्ता, को द्वितीय, अम्मार खान, आर्यान्श मिश्रा, आंचल शुक्ला, वेदांत भारती, प्रेरणा, दिव्यांजलि यादव, को तृतीय सहित अन्य कार्यों में भी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार समारोह के बाद छात्राओं द्वारा विभिन्न राज्यों के नृत्य प्रदर्शित करते हुए अनेकता में एकता के रूप को प्रस्तुत किया। राइजिंग स्टार प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले के विभिन्न श्रेणियां से 1000 प्रतिभागियों ने चुने गए छात्रों को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, प्राची श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नितिन तिवारी सहित समस्त शिक्षकगण व अभिभावकगण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के तत्वाधान में मनाया गया होली मिलन समारोह



अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह मंडल अध्यक्ष प्रदीप टांडा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह राजपूत की अध्यक्षता में कस्बा गुरसरांय स्थित पत्रकार भवन में आयोजित किया गया। जहां मौजूद लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदीप टांडा ने कहा कि होली मिलन से सद्भावना बढ़ती है एवं एक दूसरे के प्रति प्रेम बढ़ता है। इस मौके पर अतर सिंह दांगी, आशीष यादव , अशोक अहिरवार, अनुज द्विवेदी, कुलदीप सिंह, राम सहोदर, चंद्रभान सिंह परमार, मनु यादव, मनोज यादव प्रधान, राजपाल सिंह, सर्वेश राय, कृपेंद्र पटेल, पर्वत कुशवाहा, चंद्रभान दांगी, सरोज देवी, मेहरबान, शंभू दयाल पटेल,रघुनाथ यादव, राममिलन, नरेंद्र अहिरवार, महेंद्र भार्गव, मुरारी, मानवेंद्र गोती, रोहित सहित आदि ग्राम प्रधान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# करणी सेना का ग्रेटर नोएडा में प्रदर्शन

- सपा सांसद और अखिलेश यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग, भगवा झंडे के साथ नारेबाजी

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, ग्रेटर नोएडा में श्री राजपूत करणी सेना ने राणा सांगा विवाद को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और सपा सांसद रामजीलाल सुमन के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया। बीटा 2 थाना क्षेत्र के अल्फा वन मेट्रो स्टेशन के पास एकत्रित प्रदर्शनकारियों ने भगवा झंडे लेकर जमकर नारेबाजी की। श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धीरज सिंह के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में चेतावनी दी गई कि यदि दोनों नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समाज सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगा। इस दौरान धीरज सिंह ने कहा की राणा सांगा के खिलाफ जिस तरह से रामजीलाल सुमन ने बयान दिया है, वह बहुत ही निदनीय है। सांसद को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए और उसके अलावा उन्होंने कहा कि ऐसी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।इस दौरान उन्होंने रामजीलाल और अखिलेश के जल्द से जल्द इस्तीफे की मांग की।इस दौरान धीरज सिंह ने कहा कि अगर ऐसा नही होता है तो पूरा हिन्दू समाज सड़को पर नजर आएगा और बड़ा आंदोलन करेगा।

# सरकारी कार्यक्रम के दौरान माइक बंद

### मंत्री ने सीडीओ से कहा– साउंड सिस्टम वाले को पेमेंट मत करना, कार्यक्रम खराब कर दिया

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश सरकार के 3 वर्ष पूरा होने पर लोगों को सरकार के काम गिना रहे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार को जमकर फजीहत झेलनी पड़ी। जैसे ही मंत्री ने योगी आदित्यनाथ सरकार के कामों को गिनाना शुरू किया, वैसे ही माइक ऑफ हो गया। काफी देर तक साउंड सिस्टम वाले लोग माइक को ठीक करने का प्रयास करते रहे, लेकिन माइक ठीक नहीं हुआ। मंच पर पसीना पसीना हो रहे मंत्री का गुस्सा देख अफसर भी हरकत में आये, लेकिन माइक शुरू नहीं हुआ। इसके काफी देर तक जब मंत्री का माइक सही नहीं हुआ तो मंत्री जी भड़क गए। मंत्री ने अफसरों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने सीडीओ कुलदीप मीणा से कहा कि इस माइक वाले ने जानबूझकर कार्यक्रम खराब किया है। इसका भुगतान मत करना। इसने सारे प्रोग्राम का सत्यानाश कर दिया। अब इसको पैसे देने की जरूरत नहीं की। काफी देर बाद माइक ठीक हुआ, तब जाकर मंत्री जी ने सरकार की उपलब्धि गिनाई और अफसरों ने राहत की सांस ली। उत्तर प्रदेश सरकार के 3 साल और योगी सरकार के 8 साल पूरा होने पर आज नुमाइश के रविन्द्र नाट्यशाला में कार्यक्रम आयोजित था। कल भी प्रभारी मंत्री अरुण सक्सेना भी सरकार के कामों को गिनाने आए थे, लेकिन अत्यधिक गर्मी के कारण उनका पसीना टपक गया। आनन फानन में कूलरों की व्यवस्था कर मंत्री जी को ठंडक प्रदान की गई। अब आज माइक खराब होने से भी कार्यक्रम में खलल पड़ गया।

# डीएम अस्मिता ने विकास खंड का किया निरीक्षण

### सरकार की योजनाओं की जानकारी देने वाले फाइलों और स्टॉलों का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



बागपत, डीएम अस्मिता ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में फाइलों के रख-रखाव और रिकॉर्ड का मिलान किया। अधिकारियों को फाइलों के व्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए। प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के पर जनपद स्तर पर विशेष आयोजन किया जा रहा है। विकासखंड और नगर पालिकाओं में तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेलों का आयोजन चल रहा है। जिलाधिकारी ने खंड विकास कार्यालय में लगे स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। डीएम ने बताया कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जनता को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। साथ ही सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना है। मेले में लाभार्थियों का मौके पर ही रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस दौरान सीडीओ नीरज कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर ठगी का नया मामला

- शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर व्यक्ति से 64 लाख रुपये ठगे

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, सेक्टर 22 निवासी के साथ साइबर ठगों ने बड़ी धोखाधड़ी की है। ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर एक व्यक्ति से 64 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित गौरव मोहन को एक व्यक्ति ने वाट्सऐप पर कॉल किया। उसने खुद को डॉ. विवेक बताया और सेबी में रजिस्टर्ड शेयर मार्केट विशेषज्ञ होने का दावा किया। ठगों ने पहले दो दिन तक पीड़ित को फर्जी ट्रेडिंग ट्रेनिंग दी। फिर उससे 50 हजार रुपये का निवेश कराया। अगले दिन ठगों ने 8 हजार रुपये का मुनाफा देकर पीड़ित का विश्वास जीत लिया। ठगों ने पीड़ित को लालच दिया कि निवेश का दोगुना मुनाफा मिलेगा। साथ ही मूल राशि भी वापस होगी और कोई चार्ज नहीं लगेगा। इस झांसे में आकर पीड़ित ने कई किश्तों में कुल 64 लाख 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित ने अपनी राशि वापस मांगी, तो ठगों ने टैक्स जमा करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ और उसने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों ने सीएम योगी को भेजा ज्ञापन

### सड़क चौड़ीकरण, मंडी में प्लेटफॉर्म और खेती से जुड़ी 9 मांगें रखीं

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, तहसील के किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एसडीएम अनूपशहर प्रियंका गोयल के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। किसान नेता रनपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने संचालन किया। किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों में जहांगीराबाद ब्लॉक से टिटौटा मार्ग का चौड़ीकरण करने और मशीन से सड़क बनवाने की मांग की है। साथ ही अनाज मंडी में प्लेटफॉर्म बनवाने और गेहूं को सरकारी दर से कम पर न बेचने की मांग रखी है। किसानों ने यूरिया और डीएपी जैसे खाद की आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है। उन्होंने कीटनाशक दवाओं की एमआरपी को कम करने की भी मांग की, जो वर्तमान में किसानों के लिए बोझ बन रही है। किसानों ने सभी खतौनी नंबरों को एक खतौनी में समाहित करने और केसीसी का नवीनीकरण 5 साल बाद खसरा खतौनी के आधार पर करने की मांग भी रखी। ग्राम जमराऊ के किसानों ने गांव के मुख्य रास्ते पर पानी भरने की समस्या से निजात की मांग की है। उनका कहना है कि इससे फसलों को नुकसान होता है। इस समस्या के समाधान के लिए पोखर (तालाब) बनाने की मांग की गई है। साथ ही पीएम श्री प्राइमरी स्कूल टिटौटा की अवैध रूप से कब्जाई गई जमीन को मुक्त कराने और ग्राम पंचायत टिटौटा में कथित घोटाले की जांच कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। बैठक में एडीओ जहांगीराबाद स्वराज सिंह, एडीओ अनूपशहर रवि शंकर शर्मा, एसडीओ विद्युत कपिल भारद्वाज और पीडब्ल्यूडी के जेई मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान महेश कुमार, बृजभान सिंह राघव, जयवीर सिंह फौजी, खूबचंद, रमन सिंह राघव, योगेश राघव, मनवीर शर्मा सहित सैकडों किसान रहे।

# अवैध हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

### दौराला पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 19 तमंचे और चोरी की बाइक जब्त

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, दौराला थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों के साथ 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 26 मार्च 2025 को नगली-सकोती मार्ग पर ग्राम मंडोरा कट के पास स्थित मंदिर के निकट की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में राजा उर्फ अविनाश (25 वर्ष), सचिन (24 वर्ष), नीलेश (23 वर्ष), वासु गुप्ता (23 वर्ष) और सिद्धार्थ चौहान उर्फ सिद्धू (18 वर्ष) शामिल हैं।

एक आरोपी जीशान, जो लिसाड़ीगेट का निवासी है, फरार है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 19 तमंचे (315 बोर), 5 जिंदा कारतूस (315 बोर), एक पिस्टल (32 बोर), एक जिंदा कारतूस (32 बोर) और एक खोखा कारतूस बरामद किया। इसके अलावा, राजा के पास से सरधना से चोरी की गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और वासु गुप्ता से घटना में प्रयुक्त टाटा टियागो कार भी बरामद की गई। थाना दौराला में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 9(1)/25/2/3/5/25 और बीएनएस की धारा 317(2)/317(5) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# सपा सांसद के खिलाफ विरोध जारी

### हिंदू युवा वाहिनी ने पुतला फूंका, चप्पलों से पीटा




अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। सांसद ने राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहा था। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने एनडीआरएफ रोड पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सांसद के पुतले को चप्पलों से पीटा और फिर जला दिया। इससे पहले मंगलवार को भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी पुतला दहन कर विरोध जताया था। हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी ने कहा कि वीर राणा सांगा पर सवाल उठाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से अपने कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की मांग की। त्यागी ने चेतावनी दी कि अगर हिंदू समाज के खिलाफ बयानबाजी जारी रही तो कड़ा विरोध किया जाएगा।

# पुलिस चौकी में इफ्तार पार्टी

### चौकी प्रभारी लाइन हाजिर, हिंदू संगठनों ने की मुख्यमंत्री से शिकायत की मांग

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, जाकिर कॉलोनी पुलिस चौकी में आयोजित एक अनधिकृत इफ्तार पार्टी का मामला सामने आया है। एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप को लाइन हाजिर कर दिया है। जब एसएसपी ने लोहिया नगर स्थित जाकिर कॉलोनी की नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। उसी दिन शाम को चौकी प्रभारी ने बिना किसी अनुमति के इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में इंस्पेक्टर विष्णु कुमार समेत चौकी स्टाफ और क्षेत्र के कई लोग शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, पार्टी में कुछ संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोग भी मौजूद थे। पुलिस कर्मियों ने मेहमानों के लिए कुर्सियां लगाईं और खाना परोसा। इस पूरे कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हिंदू संगठनों ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि पुलिस चौकी एक सार्वजनिक स्थल है, जहां धार्मिक आयोजन करना उचित नहीं है। संगठनों ने इस मामले को मुख्यमंत्री तक ले जाने की बात कही है। साथ ही उन्होंने इंस्पेक्टर के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है, लेकिन इंस्पेक्टर पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## संक्षेप

### टप्पेबाजों ने किसान से छीने आठ हजार

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। गुरुवार को देर शाम कस्बे में सरसों बेचकर घर जा रहे किसान को टप्पेबाजों ने घर तक छोड़ने का आश्वासन देकर बाइक में बैठा लिया और कस्बे से बाहर निकलते ही जेब में पड़े 8100 छीनकर बाइक से उतारकर भाग निकले। पीडित किसान ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। बदनपुर निवासी किसान भगवानदीन ने बताया कि वह गुरुवार को सरसों बेचने के बाद कुछ देर के लिए धर्मेश्वर बाबा मुहाल में रहने वाले पुत्र के पास रुका था। वहां से लौटकर सड़क किनारे खड़ा होकर साधन का इंतजार कर रहा था। तभी बाइक सवार दो युवक आए और गांव तक छोड़ने की बात कहकर बाइक में बैठा लिया। पेपर मिल के सामने उन्होंने जेब में पड़े रुपए छीन लिए और बाइक से उतारकर फरार हो गए। पीडित किसान ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस बांदा मार्ग किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### प्रधानों सचिवों के साथ सफाई कर्मियों को दिया गया संचारी रोग नियंत्रण का प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। आगामी एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों, पंचायत सहायकों एवं सफाई कर्मियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला हुई। इसमें डा. परवेज कादरी एवं यूनिसेफ के अखिलेश ने संचारी रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रोकथाम के उपाय के बारे में बताते हुए सभी को प्रशिक्षित किया। बैठक में एडीओ पंचायत सुरेश कुमार के अलावा ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# अलविदा जुमा की नमाज में मुल्क की तरक्की और भाईचारे के लिए उठे हाथ

## सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के बाहर तैनात रहा पुलिस बल

अमन लेखनी समाचार



मौदहा, हमीरपुर। रमजान के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमा की नमाज कस्बे की तीस से अधिक मस्जिदों में अदा की गई इस दौरान मुल्क के अनम चैन और तरक्की की दुआएं मांगी गई। जबकि एहतियात के तौर पर मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और क्षेत्राधिकारी विनीता पहल स्वयं कस्बे में मानीटरिंग करती नजर आईं। कस्बे की जामा मस्जिद में करामत उल्लाह, मस्जिद मोदी शहीद बाबा ने हाफिज नईम, मस्जिद बेबी अबरार मांदा में कारी इमरान, मस्जिद गदाई में हाफिज हसन, मस्जिद दाता गरीब शाह में हाफिज पीर मोहम्मद, शाही मस्जिद में हाफिज रेहान, मस्जिद चौधराना में कारी अताउर्रहमान, मस्जिद तकिया में बरकत अली, मस्जिद स्टेशन में कारी वकार रजा, मस्जिद बाघू में मौलवी जाहिद, मस्जिद पहाड़ी बाबा में कारी आसिम, मस्जिद साजन तालाब में हाफिज कय्यूम, मस्जिद सूबेदार में हाफिज अशरफ रजा, फाजिल मियां की बड़ी मस्जिद में हाजी अब्दुल वहीद, मस्जिद खानकाह मुख्तार निजामी में हाजी इफ्तेखार उर्फ राजाबाबू, मस्जिद कमराहा में मेरज उददीन, मस्जिद रहमानिया में कारी सनाउल्लाह, मस्जिद छोटेबाबा में हाफिज आमीन, मस्जिद हक्की बाबा में हाफिज कुतुबुद्दीन उर्फ झल्लन, औलिया मस्जिद में हाफिज रफीक, मस्जिद बांदा बस स्टैंड में हाफिज बरकत उल्लाह, मस्जिद भक्कू कुआं में हाफिज इमरान, उपरौस की निजामिया जामा मस्जिद में कारी जमील, मस्जिद मलीकुआ चौराहा में मौलाना हासिम, नूरी मस्जिद रागौल में हाफिज मुखतार, सरकारी अस्पताल के पास की मस्जिद में मुफ्ती सलमान, मस्जिद बड़े पीर साहब फत्तेपुर मे हाफिज हसन, मस्जिद पंक्षी पीर बाबा में शहाब उददीन उर्फ गुल्लू फौजी, मस्जिद कचरया स्टेशन रोड में हाफिज मोहम्मद आजम, मस्जिद बिलाल में हाफिज अब्दुल रऊफ, मदीना मस्जिद बाकी तलैया में हाफिज दानिश अलविदा जुमा की नमाज अदा कराई, इस दौरान नमाज में मुल्क की उन्नति, भाईचारे की दुआएं मांगी गई। तो वहीं सरकार द्वारा लाए जा रहे वक्फ संशोधन बिल के विरोध में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के काली पट्टी वाले आह्वान पर मौदहा शहर इमाम करामत उल्लाह ने बताया कि वह वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ है लेकिन विरोध करने के लिए जुमे के दिन को ही चुनना गलत है। क्योंकि जुमा अमन चैन और इबादत का दिन है इसलिए विरोध किसी और दिन किया जाना चाहिए।

# होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के द्वारा एक बार फिर से महानगर के अध्यक्ष पद पर आनंद द्विवेदी की ताजपोशी किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने महानगर अध्यक्ष का जोरदार स्वागत मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव के नेतृत्व में तीन नंबर बाजार के सामने स्थित मंडल कार्यालय के पास में कानपुर - लखनऊ मार्ग पर स्थित हनुमान सिद्धेश्वर मंदिर पर कार्यकताओं ने फूल माला पहना कर किया। मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में आनंद द्विवेदी पहुंचे और लोगों के साथ फूलो की होली खेली। आयोजित समारोह में आनंद द्विवेदी ने कार्यकताओं की समस्याओं को अपनी समस्या बताते हुए सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया वहीं मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव ने महानगर अध्यक्ष से अनुरोध करते हुए कहा कि मंडल के किसी भी कार्यकर्ता को कोई भी समस्या होती है तो सदैव में उनके लिए हाजिर रहता हूं उसी प्रकार हम चाहते है कि हमारे महानगर अध्यक्ष भी हम सभी के लिए उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष केके श्रीवास्तव, पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, पार्षद सौरभ सिंह, पार्षद लवकुश रावत ने पुष्प गुच्छा व स्मृति चिन्ह भेटकर महानगर अध्यक्ष को बधाई दी वही कार्यक्रम में नगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला, पार्षद रामनरेश रावत, पार्षद गीता गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा महामंत्री दीपक शाह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजन गुप्ता, भाजपा नेत्री अर्चना सिंह, प्रज्ञा सिंह, शालू कश्यप व नागेंद्र यादव समेत अन्य कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### अमेठी में 59 लाख की लागत से बनेगी सड़क

अमेठी, भादर-परसोइया मार्ग से नरहरपुर संपर्क मार्ग की मरम्मत के लिए शासन ने 59 लाख रुपए की मंजूरी दे दी है। यह सड़क भारी वाहनों की आवाजाही और जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। इससे सोनारी, रतापुर, रघईपुर, भादर, नरहरपुर और परसोइया सहित कई गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सर्वेक्षण के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा था। अब इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। दो माह के भीतर सड़क की मरम्मत पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद पांच वर्षों तक सड़क का अनुरक्षण भी किया जाएगा। लोक निर्माण प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार के अनुसार ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया चल रही है। ठेकेदार का चयन होते ही अवर अभियंता की निगरानी में तय मानकों के अनुसार निर्माण कार्य शुरू होगा इस मार्ग से रोजाना करीब 20 हजार लोग आवागमन करते हैं। खराब सड़क के कारण दुर्घटनाएं हो रही थीं। इससे ग्रामीणों में रोष था। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद लोगों को राहत मिलेगी और क्षेत्र का विकास तेज होगा।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान के संबंध में जनपद स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि आगामी अप्रैल माह में चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान को अच्छे ढंग से संचालित किया जाए इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। हीट वेव से बचाव हेतु सभी अस्पतालों में पर्याप्त इंतजाम कर लिए जाएं तथा हीट वेव से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार, जापानी इंसेफेलाइटिस, फाइलेरिया तथा अन्य संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण तथा मरीजों को त्वरित इलाज सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। अतः इसके अंतर्गत संपादित होने वाले सभी कार्यों को प्रभावी ढंग से संपादित किया जाए तथा दिए गए निदेर्शों का धरातल पर अक्षरसः क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि संचारी रोगो के नियंत्रण के लिए जनपद में दिनांक 01/04/2025 से 30/04/2025 तक एक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता प्रत्येक घर जाकर बुखार तथा अन्य संक्रामक बीमारी के रोगियों की खोज करेंगे तथा घरों पर इनसे बचाव व जागरूकता विषयक स्टीकर लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया सभी विभाग इस अभियान के सफल संचालन हेतु अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाएं तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग के नियंत्रण के दृष्टिगत साफ-सफाई, सेनीटाइजेशन, फागिंग, एंटी लारवा छिड़काव किया जाए तथा जल भराव, उथले हैंडपंपों का चिन्हीकरण कराकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाय तथा विशेष अभियान चलाकर जन जागरूकता फैलायी जाय। इसके अलावा खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था एवं नालियों की साफ-सफाई एंटी लारवा दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिये। कहा कि किसी भी दशा में जलभराव आदि नहीं होना चाहिए। कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत मॉनीटरिंग, पर्यवेक्षण, रिपोटिंग, अभिलेखीकरण के कार्य समुचित ढंग से संपन्न किए जाएं इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रेगनेंट महिलाओं की पोर्टल पर फीडिंग, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पोर्टल पर बेनिफिशियरी अपलोड करने, फैमिली प्लानिंग, संस्थागत प्रसव आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां एवं नवजात ट्रैकिंग पोर्टल पर शत प्रतिशत डेटा फीड किया जाय। शत प्रतिशत जन्म पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाय। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया न हो इसके लिए नियमित रूप से आयरन की दवाई दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य के कार्यों /विभाग के स्वास्थ संबंधी विभिन्न योजनाओं में तेजी लाई जाए। गर्भवती महिलाओं, बच्चों के टीकाकरण आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए, नियमित टीकाकरण से वंचित छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर माइक्रोप्लान बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, एएनएम एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को नियमित रूप से समयबद्ध ढंग से भुगतान किया जाय, इसमें अनावश्यक देरी नही की जानी चाहिए, स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का समयबद्धता से भुगतान किया जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को समयबद्ध ढंग से योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए इसमें अनावश्यक पेंडेंसी नहीं रहनी चाहिए। कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पोर्टल पर लाभार्थियों का डाटा समय से फीड कराया जाए। कहा कि फैमिली प्लानिंग के कार्यों में तेजी लाई जाए तथा इसके लिए लोगों की काउंसलिंग की जाए, इसमें डॉक्टरों को जो लक्ष्य दिया गया है लोगों की काउंसलिंग कर तथा आशाओ को लक्ष्य देकर उसको प्राप्त किया जाए। कहा कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए तथा इसमें आशाओं द्वारा 100% डिलीवरी की रिपोर्टिंग एवं विजिट किया जाए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, टीवी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

# मौदहा में कुरान मुक्कमल होने पर हाफिज का हुआ जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है, इन दिनों नगर सहित क्षेत्र की मस्जिदों में तरावीह (कुरान) मुकम्मल का सिलसिला जारी है। इसी तरह मौदहा कस्बे की लगभग एक दर्जन से अधिक मस्जिदों में देर रात 27वीं सब-ए-कद्र के मौके पर कुरान मुकम्मल हुआ जिसके बाद हाफिज का मस्जिद के लोगों ने फूल माला पहनाकर उपहार भेंट कर स्वागत किया और मुबारकबाद दी।

कस्बे में गुरुवार को देर रात नगर की दर्जनों मस्जिदो में 27वीं सब-ए-कद्र के मौके पर कुरान मुकम्मल हुआ। जिसमें हैदरगंज स्थित रहमानियां मस्जिद में हाफिज ताजुद्दीन ने कुरान मुक्कमल किया। जिसपर मस्जिद के इमाम कारी सनाउल्लाह ने हाफिज का फूल मालाओं के साथ उपहार देकर स्वागत किया और गले मिलकर मुक्कमल कुरान की ढेर सारी मुबारकबाद दी। साथ ही मुकम्मल कुरान के दौरान बाहर से आए मौलाना मुफ्ती शफकत अली नदवी ने तकरीर की और अंत में रो-रो अल्लाह से मुल्क में अमन चैन व भाईचारे की दुआएं मांगी। इसके बाद मस्जिद के नमाजियों ने हाफिज साहब से गले मिलकर उन्हें मुबारकबाद पेश की। इसी तरह मस्जिद छोटा बावा में उस्ताद हाफिज कुतुबद्दीन उर्फ झल्लन हाफिजी ने कुरान मुक्कमल किया, जिसके बाद उनका भी मस्जिद के लोगों ने जोरदार स्वागत किया और उपहार देकर स्वागत किया। वहीं मस्जिद पहाड़ी बावा में हाफिज मोहसिन खान ने तरावीह में कुरान मुकम्मल किया। इसी तरह अन्य मस्जिदो में भी कुरान मुकम्मल हुआ।

# 100 रुपए के लिए हुआ विविद तो ई-रिक्शा चालक की हत्या

## किराए को लेकर हुआ था विवाद, रेलवे ट्रैक पर फेंका शव

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में एक ई-रिक्शा चालक की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र का है, जहां 10 मार्च 2025 को टिकरिया फैक्ट्री के पास रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला था।

मृतक की पहचान कमलेश यादव के रूप में हुई, जो वार्ड नंबर 24, कटरा लालगंज, थाना गौरीगंज का रहने वाला था। शुरू में इसे आत्महत्या माना गया। परिजनों के संदेह पर 27 मार्च को हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने गोपालापुर मोड़ से दो नाबालिगों को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि 9 मार्च की रात आरोपी मुसाफिरखाना तिराहे से गोपालापुर जाने के लिए कमलेश के ई-रिक्शे में बैठे थे। किराया 200 रुपए तय हुआ था। गोपालापुर पहुंचने पर आरोपियों के पास सिर्फ 100 रुपए थे। कम पैसों को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में आकर दोनों ने चालक को धक्का दे दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। लोगों के देख लेने के डर से उन्होंने शव को रेलवे ट्रैक पर रख दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर टिकरिया के पास झाड़ियों से मृतक का ई-रिक्शा, मोबाइल फोन और घड़ी बरामद कर लिए हैं। दोनों नाबालिग आरोपियों पर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# गंगा समिति हमीरपुर के माध्यम से मां गंगा आरती, उसकी सहायक नदियों के घाट पर चला स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति हमीरपुर के माध्यम से मां गंगा आरती उसकी सहायक नदियों के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष व क्षेत्र वन अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे व समस्त स्टाफ मौजूद रहा,

जिला पर्यटन अधिकारी हमीरपुर और जिला परियोजना अधिकारी की मौजूदगी में नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित हुए जिसमें बड़ी भारी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे

जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश अनुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हमीरपुर में चित्रकला, गंगा से संबंधित ड्राइंग एवं पेंटिंग क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित रहे जिला परियोजना अधिकारी और समस्त स्टाफ

तथा संध्या समय यमुना प्रबंध पर मां बेतवा आरती दीपदान गंगा स्वच्छता शपथ आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष, जिलाधिकारी हमीरपुर, मुख्य विकास अधिकारी हमीरपुर, एसडीएम साहब प्रशासनिक एवं न्यायिक, एसडीएम साहब सादर, उपप्रभागी वन अधिकारी हमीरपुर, क्षेत्रीय वन अधिकारी हमीरपुर, जिला परियोजना अधिकारी हमीरपुर व जिला पंचायत राज अधिकारी हमीरपुर तथा भारी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा के बंडल खोलकर नोट निकालने के प्रकरण में प्रधानाचार्य एवं दो परिचारक निलंबित

### जिला विद्यालय निरीक्षक की जांच के बाद हुई कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। हाई स्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल खोलकर नोट निकालने के प्रकरण में प्रधानाचार्य ने जिला विद्यालय निरीक्षक की फटकार के बाद कॉलेज के दो परिचारकों को निलंबित किया तो वहीं प्रबंध समिति ने बैठक के बाद प्रस्ताव पारित करके प्रधानाचार्य को निलंबित किया है। प्रधानाचार्य के पत्र लेने से इनकार करने पर प्रबंधक ने सर्विस बुक में इंट्री करके पत्र को रजिस्टर्ड डाक से उनके पते पर भेजा है। इस कार्यवाही से कॉलेज में हड़कंप मचा हुआ है।

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान श्री गायत्री विद्यामंदिर इंटर कॉलेज सुमेरपुर के एक परिचारक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसमें परिचारक बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल खोलकर रुपए निकालने की बात कह रहा था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में परिचारकों के साथ प्रधानाचार्य अरुण कुमार मिश्रा को दोषी पाया गया था। जिला विद्यालय निरीक्षक ने दोषी कर्मियों को निलंबित करने के आदेश दिए थे। प्रधानाचार्य ने दोनों परिचारकों को गत 24 मार्च को निलंबित कर दिया था। इधर 27 मार्च को प्रबंधक चंद्रपाल सिंह ने प्रबंधन समिति की बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित करके प्रधानाचार्य अरुण कुमार मिश्रा के निलंबन पर मुहर लगवाई और 28 मार्च को प्रबंध समिति के सदस्य प्रकाशबाबू शिवहरे के साथ कालेज जाकर निलंबन की कार्यवाही शुरू कर दी लेकिन प्रधानाचार्य ने निलंबन पत्र लेने से इनकार कर दिया। तब प्रबंधक ने प्रधानाचार्य की सर्विस बुक में निलंबन आदेश दर्ज करके पत्र को रजिस्टर्ड डाक से उनके आवासीय पते पर भेजा है। इस कार्यवाही से कॉलेज में हड़कंप मचा हुआ है। प्रधानाचार्य को निलंबित करने के बाद प्रबंधन समिति ने कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता उपेंद्र श्रीवास को प्रधानाचार्य का चार्ज देने के संस्तुति की है।

# पुन्नपुर में नीम का पेड़ काटने का मामला

## वन विभाग की टीम ने की जांच, थाने में दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी के पुन्नपुर गांव में प्रतिबंधित नीम के पेड़ के कटान का मामला सामने आया है। शुक्रवार को एक ग्रामीण ने डीएफओ अमेठी से इस मामले की शिकायत की। डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सेक्शन प्रभारी सुरेंद्र प्रताप और वन दरोगा रणवीर सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया। टीम को मौके पर एक कटा हुआ नीम का पेड़ मिला।

जांच के बाद वन दरोगा रणवीर सिंह ने संग्रामपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पेड़ काटने वाले के खिलाफ उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी संदीप राय ने कहा कि वन विभाग की शिकायत पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत पोल गाड़कर करेंट दौड़ाना भूला विभाग, डीएम से की शिकायत

### समाधान न होने पर 8 दिन बाद करेंगे अनशन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के वार्ड संख्या 16 के निवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उपखंड अधिकारी विद्युत एवं अवर अभियंता पर गंभीर आरोप लगाकर डेढ़ वर्ष पूर्व लगाए गए खंभो एवं तारों में करंट न दौड़ाने का आरोप लगाकर न्याय की मांग की है। लोगों ने कहा है कि अगर आठ दिवस में आपूर्ति चालू करके कनेक्शन नहीं दिए गए तो वह सुमेरपुर पावर हाउस में अनशन को मजबूर होंगे।

सुमेरपुर कस्बे के वार्ड संख्या 16 के निवासी बलिराम कुशवाहा, अर्जुन, रामकिशुन, ममता, करन, अशोक कुमार, पुष्पेंद्र, रोशनी, प्रियंका, उर्मिला, रजनी, शिवबदन आदि ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि 18 माह पूर्व विभाग ने पोल खड़े करके तार खींच दिए थे लेकिन करंट आज तक नहीं दौड़ाया है। जब भी शिकायत करते हैं तो आश्वासन दे दिया जाता है। आरोप है कि एसडीओ और जेई कुछ लोगों से 20-20 हजार रुपए लेकर दूसरी जगह से कनेक्शन दे रहे हैं। लोगों ने जिलाधिकारी से विद्युत आपूर्ति शुरू कराकर कनेक्शन देने की मांग की है। साथ ही कहा है कि अगर आठ दिवस में समाधान नहीं हुआ तो वह पावर हाउस में अनशन को मजबूर होंगे। जिलाधिकारी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अप्रैल फूल-डे पर प्रैंक्स का मजा



फर्स्ट अप्रैल यानी 'अप्रैल फूल-डे', ऐसा दिन जब हम दूसरों के साथ प्रैंक करके उसे मूर्ख ही नहीं बनाते, दूसरे भी हमें मूर्ख बनाते हैं। इस दिन मूर्ख बनाने या बनने का एक अलग ही मजा है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स अप्रैल फूल-डे पर फूल बनाने और बनने की अपनी मजेदार यादें **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं।

## मेरे प्रैंक पर पापा चौंक गए: वृही कोडवारा



**सिर्फ दोस्तों** के साथ ही नहीं, फैमिली में भी अप्रैल फूल-डे मनाने का एक अलग मजा है। सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल की भूमिका निभा रही वृही कोडवारा हंसते हुए अप्रैल फूल-डे से जुड़ा अपनी फैमिली का ही एक मजेदार इंसिडेंट बताती है, 'लास्ट ईयर मैंने अपने पापा को अप्रैल फूल बनाने की प्लानिंग की। उनसे कहा- मेरे स्कूल में आज से ही गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। अब दो महीने तक कोई क्लास नहीं होगी। पापा इस बात पर चौंक गए। उन्होंने स्कूल ग्रुप पर मैसेज चेक किया, तो उन्हें समझ में आ गया कि मैंने उनके साथ प्रैंक किया है। उन्होंने भी मजाक में कहा- अच्छा! तो अब घर पर ही एक्स्ट्रा पढ़ाई होगी।'

वृही उस घटना के बारे में भी बताती है, जब वो खुद अप्रैल फूल बन गई थी। वृही के साथ प्रैंक उसकी मम्मी ने किया था। वह बताती है, 'एक बार अप्रैल फूल-डे पर मम्मी ने मुझसे कहा- जल्दी से पैकिंग कर लो, हम अभी छुट्टी मनाने के लिए गोवा जा रहे हैं। मैं इतनी एक्साइटेड हो गई कि बिना कुछ सोचे झटपट बैग में अपने कपड़े भरने लगी। जब सब तैयारी हो गई तो मम्मी हंसकर बोलीं- अप्रैल फूल! मैं पहले तो हैरान रह गई, फिर हम सब जोर से हंसने लगे।' *

## नहीं मिली चॉकलेट-टॉफी, मैं बन गया फूल: कविश खुंगर

**अप्रैल फूल-डे** है तो किसी से डरना कैसा, पापा से भी नहीं। शेमारू उमंग के लोकप्रिय शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका निभा रहे कविश खुंगर ने भी मजे से अपने पापा के साथ फर्स्ट अप्रैल को प्रैंक किया था। कविश हंसते हुए बताता है, 'मैंने पहली अप्रैल को अपने पापा के मोबाइल में हर पांच मिनट पर अलार्म सेट कर दिया। उन्होंने कई बार बंद किया, लेकिन अलार्म फिर से बजने लगता। वो इससे परेशान हो रहे थे। जब मैंने बताया कि यह मेरा काम था, तो पापा हंसने लगे और बोले- अरे, तूने तो मुझे सच में अप्रैल फूल बना दिया।'

कविश उस इंसिडेंट को भी याद करता है, जब वह अप्रैल फूल बना था। वह बताता है, 'एक बार, मेरे एक दोस्त ने मुझसे कहा- कविश, तुम्हारे लिए चॉकलेट्स और टॉफियां आई हैं। मैंने सोचा- वाह! कितना अच्छा है! मैं खुशी-खुशी जाकर उस जगह पर देखा, जहां उसने चॉकलेट और टॉफियां रखी होने की बात कही थी। लेकिन वहां कुछ भी नहीं था। पीछे से आकर वह दोस्त हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! चॉकलेट्स और टॉफियां तो नहीं मिलीं, लेकिन मुझे मजा बहुत आया, क्योंकि यह एक प्रैंक था।' *

## ...तब समझ आया मैं बन गया था अप्रैल फूल: सौम्य आजाद

**फर्स्ट अप्रैल** को किसी के साथ प्रैंक करके अप्रैल फूल-डे एंज्वॉय न किया जाए, यह कैसे हो सकता है। एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में रणवीर का रोल कर रहा सौम्य आजाद पिछले साल फर्स्ट अप्रैल के दिन सेट पर था, लेकिन यहां भी वह अपने फ्रेंड को मूर्ख बनाने से चूका नहीं। उसने इस शो में अपने को-आर्टिस्ट आर्यन प्रजापति को अप्रैल फूल बनाया था। सौम्य हंसते हुए बताता है, 'हम शूटिंग के बीच ब्रेक पर थे। मैंने आर्यन से बड़े सीरियस अंदाज में कहा- डायरेक्टर सर ने बुलाया है, वह कह रहे हैं कि तुम्हारा सीन बोगस शूट हुआ है। यह सुनकर बेचारा आर्यन दुखी हो गया। भागा-भागा डायरेक्टर सर के पास पहुंचा और बोला- सर, मैं फिर से कोशिश करता हूं, आप मुझे एक और टेक करने का चांस दे दीजिए। डायरेक्टर सर हंसते हुए बोले- अरे, तुम्हारा शॉट तो बहुत अच्छा हुआ, मैंने तो बुलाया ही नहीं! तब जाकर उसे समझ आया कि वह अप्रैल फूल बन चुका है। सेट पर जारा, मैं और बाकी सभी लोग जोर से हंस पड़े।'



सौम्य उस घटना का भी जिक्र करता है, जब वह खुद अप्रैल फूल बन गया था। वह बताता है, 'एक बार सेट पर ही आर्यन और जारा ने मिलकर मुझे अप्रैल फूल बनाया था। फर्स्ट अप्रैल के दिन जारा ने बड़े सीरियस टोन में मुझसे कहा- आज की शूटिंग कैंसल हो गई है, प्रोडक्शन से मैसेज आया है कि सभी घर जा सकते हैं। मैं तो खुशी से झूम उठा! फटाफट वैनिटी में जाकर ड्रेस बदली और बैग उठाकर घर जाने लगा। जैसे ही मैं गेट के पास पहुंचा, पीछे से जारा, आर्यन और पूरी टीम ने जोर से चिल्लाकर कहा- अप्रैल फूल! मैं वहीं खड़ा रह गया। सबकी हंसी सुनकर समझ आया कि इस बार मैं खुद ही अप्रैल फूल बन गया हूं।' *

## जब मैंने खा ली नीम वाली चॉकलेट: हेत मकवाना

**सन नियो** के शो 'रिश्तों से बंधी डोर' में कान्हा का किरदार निभा रहा हेत मकवाना अपने दोस्त को अप्रैल फूल बनाने का मजेदार इंसिडेंट बताता है, 'मैंने फर्स्ट अप्रैल की सुबह अपने खास दोस्त से कहा- अरे, आज स्कूल में अप्रैल फूल-डे पर स्पेशल छुट्टी दी गई है! वह बिना कुछ सोचे खुशी-खुशी घर में बैठ गया। थोड़ी देर बाद, जब उसे पता चला कि स्कूल की छुट्टी नहीं है, तो वह भागता हुआ स्कूल आया। जैसे ही मैंने उसे देखा, मैं जोर से हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! वह पहले तो बहुत गुस्साया लेकिन बाद में मैंने उसे मना लिया। थोड़ी देर बाद, हम दोनों मिलकर इस मजाक पर खूब हंसे।'

हेत आगे अपने अप्रैल फूल बनने का भी एक मजेदार किस्सा सुनाता है, 'एक बार फर्स्ट अप्रैल के दिन, सुबह-सुबह मम्मी ने मुझे एक चॉकलेट दी और कहा- ये बहुत खास चॉकलेट है, मैंने तेरे लिए खासतौर से बनाई है। खाकर बताओ कैसी लगी? मैंने जैसे ही खाया, मुंह में कड़वाहट फैल गई, मम्मी से बोला-अरे! यह तो नीम की चॉकलेट थी! मम्मी जोर-जोर से हंसते हुए बोलीं- अप्रैल फूल बनाया! मम्मी के यह बताने पर मैं भी हंस पड़ा।' *



**प्रस्तुति: बालभूमि फीचर्स**

हास्य कविता

अलका जैन 'आराधना'



## जंगल में अप्रैल फूल

चालू लोमड़ी, होशियार हाथी,
और जंगल के राजा शमशेर।
सब चौंक गए थे इक दिन,
देख जंगल में पत्तों का ढेर।
शमशेर सिंह ने जंगल में,
बैठक बुलाई इक आपात।
संदेह जताया उन्होंने यही,
शिकारी लगा के बैठे घात।
इसीलिए बनाए हैं ये गड्ढे,
ताकि हम इनमें जाएं गिर,
गिरकर ऐसे फंसें जाल में,
निकल न पाएं उससे फिर।
जल्दी से जल्दी हमें अब,
निकालना होगा कोई उपाय,
घोषणा करवा दो जल्दी,
जाल में कोई फंस न जाए।
सुनकर बातें राजा जी की,
भोलू भालू लगा मुस्काने
कहने लगा अप्रैल फूल है,
कोई भी इसका बुरा न माने।
सुनकर भालू की ये बात
शमशेर भी थोड़ा मुस्काया।
बोले-भालू भैया तुमने,
अप्रैल फूल हमें खूब बनाया।

कविता

डॉ. आर. पी. सारस्वत



## ईद सुहानी आई है!

ईद सुहानी आई है!
घर-घर खुशियां लाई है।
सलमा, रजिया, सुल्ताना,
चहक रहीं चिड़ियों जैसी।
नाचें-झूमें, इधर-उधर,
आज लगें गुड़ियों जैसी।
सबने प्यारी-प्यारी-सी,
नई ड्रेस सिलवाई है!
अन्नू, अनवर इनके भाई,
फूले नहीं समाते हैं।
'ईद मुबारक' कहते-कहते,
सब पर प्यार लुटाते हैं।
रमजानी काका ने तो,
बांटी आज मिठाई है!
आज पड़ोसी राज, रतन
घर पर मिलने आए हैं।
अब्बू-चाचू ने दोनों,
अपने गले लगाए हैं।
मीठी-सिंवइयों की मिल,
दावत खूब उड़ाई है!!

कहानी

जाकिर अली 'रजनीश'

सादिक को मन ही मन ईदगाह के बाहर फटे-पुराने कपड़े में भीख मांग रहे लड़के की मदद नहीं कर पाने का बहुत अफसोस हो रहा था। ईद की खुशी वह महसूस नहीं कर पा रहा था। लेकिन अब्बू ने कुछ ऐसा किया कि सादिक की ईद की खुशी दुगनी हो गई।

## ईद की दुगनी खुशी



ईद की नमाज खत्म होते ही सभी लोग एक-दूसरे से गले मिले, एक-दूसरे को मुबारकबाद देने लगे। इसके बाद सभी लोग अपने-अपने घरों की ओर चल पड़े। अपने दोस्तों से बातें करता हुआ सादिक भी ईदगाह से बाहर आ गया। तभी उसकी नजर सामने खड़े एक लड़के पर जा पड़ी। फटे-पुराने कपड़ों में लिपटा वह लड़का कह रहा था, 'बाबू जी, कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

लड़के की दशा देखकर सादिक एक पल के लिए रुका। उसने सोचा ईद पर घर के बड़ों से उसे जो पैसे मिले हैं, उनमें से कुछ पैसे वह उस लड़के को दे दे। पैसे निकालने के लिए जैसे ही सादिक ने जेब में हाथ डाला, उसकी जेब खाली थी। दरअसल, वह अपने पैसे घर पर ही भूल आया था। घर लौटते हुए रास्ते भर सादिक उस लड़के के बारे में सोचता रहा। कब घर आ गया, उसे पता ही नहीं चला। घर में सभी लोगों से सलाम-दुआ करने के बाद वह अपने कमरे में जा बैठा। उसके चेहरे की खुशी अब काफूर हो चुकी थी। उसके मन में उस भिखारी लड़के की आवाज अब भी गूंज रही थी, 'बाबू जी ... हम भी खुशी मना लें।'

'कितना गरीब था वह लड़का। उसकी आवाज में भी कितना दर्द था। बेचारे के पास इतने पैसे भी नहीं कि ईद के दिन भी ठीक-ठाक कपड़े पहन सके।' सादिक के मन में बार-बार उस लड़के का ख्याल आ रहा था, '...क्या हम उसके लिए कुछ नहीं कर सकते? हमारा भी तो उनके प्रति कोई फर्ज है...।'

'क्या हुआ सादिक बेटे? तुम यहां अकेले क्यों बैठे हो?' अम्मी ने सादिक के कमरे में प्रवेश करते हुए पूछा। सादिक ने नजर उठाकर अम्मी को देखा फिर सिर झुका लिया, बोला कुछ नहीं।

अम्मी ने सादिक के उतरे चेहरे को देखते हुए कहा, 'चलो, सिंवइयां खा लो, मैंने निकाल कर रखी हैं।'

'नहीं अम्मी, अभी मेरा मन नहीं है।' सादिक धीरे से बोला।

'क्यों, क्या हुआ तुम्हें? कहीं बुखार-वुखार तो नहीं है?' सादिक की बात सुनकर अम्मी के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आईं। 'नहीं अम्मी, ऐसी कोई बात नहीं है।' सादिक ने मुस्कुराने की कोशिश की, लेकिन मुस्कुरा नहीं सका।

'अच्छा, जाओ कुर्ता-पाजामा उतार कर पैंट-शर्ट पहन लो और दोस्तों के साथ घूम-फिर आओ। तुम्हारा मन बहल जाएगा।' कहती हुई अम्मी कमरे से बाहर चली गईं।

सादिक बेमन से उठा और कपड़े बदलने लगा। उसकी आंखों के आगे अब भी उसी लड़के की तस्वीर तैर रही थी। तभी अचानक उसे कहीं दूर से उसी लड़के की आवाज सुनाई पड़ी। वह लड़का पड़ोस वाले घर के सामने खड़ा अपनी बात दुहरा रहा था, 'बाबू जी! कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

सादिक ने अलमारी से दस रुपए का नोट उठाया और सीधा बाहर की ओर भागा। उस लड़के के पास जाकर सादिक ने दस का नोट उसके हाथों में थमा दिया। दस रुपए का नोट पाकर उस लड़के का चेहरा खिल गया। सादिक भी उस लड़के की मदद करके मन ही मन बहुत खुश था। जाते-जाते उसने सादिक को सलाम किया। सादिक तब तक उसे देखता रहा, जब तक वह उसकी नजरों से ओझल नहीं हो गया। वह मुड़ने को था कि तभी किसी ने उसके कंधे पर हाथ रखा। उसने मुड़ कर देखा, सामने अब्बू खड़े थे। उनके हाथ में एक बड़ा-सा थैला था। उस थैले को देखकर सादिक को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने पूछा, 'इसमें क्या है अब्बू?'

'इसमें कपड़े और कुछ खाने-पीने की चीजें हैं।' अब्बू ने मुस्कुराकर जवाब दिया।

'लेकिन ये सब तो आप हमारे लिए पहले ही ले आए हैं। फिर से क्यों?' सादिक ने अब्बू की तरफ देखते हुए पूछा।

'आओ मेरे साथ, तुम्हें खुद पता चल जाएगा।' कहकर अब्बू एक ओर चल पड़े।

सादिक की कुछ समझ में नहीं आ रहा था। वह चुपचाप अब्बू के साथ हो लिया। चार-पांच गलियों को पार करते हुए वे लोग एक ऐसी जगह पहुंचे, जहां पर तमाम झुग्गी-झोपड़ियां बनी हुई थीं। उनकी ओर इशारा करते हुए अब्बू बोले, 'सादिक बेटे, इनमें वे लोग रहते हैं, जिन्हें त्योहारों पर भी ढंग का खाना नसीब नहीं होता। हमारा फर्ज बनता है कि हम इनकी मदद करें। यह सामान इन्हीं लोगों के लिए है। लो, इसे अपने हाथों से बांट दो।'

सादिक ने गर्व से अब्बू की ओर देखा। उसके चेहरे की चमक दुगनी हो गई थी। वह ईद के चांद की तरह चमक उठा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दो मजेदार कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही दो मजेदार कहानियों की चित्र पुस्तक 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' छपकर आई है। इसमें पहली कहानी 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' एक नन्हे उल्लू के सपने की कहानी है। वह नींद में सपना देखता है कि चश्मा पहनकर वह दिन की रोशनी देखने निकल पड़ता है। यह चश्मा उसे मंगू बंदर देता है। चश्मा पहनकर उसे कैसे मजेदार अनुभव होते हैं, यही इस कहानी में तुम पढ़ सकते हो।




किताब की दूसरी कहानी का शीर्षक 'गोलू बादल' है। यह एक नन्हे बादल की कहानी है, जो अपने बादलों के समूह से अलग हो जाता है। फिर वह हवा के झोंके के सहारे जंगल, नदी, पहाड़ों और एक स्कूल के ऊपर से गुजरते हुए खूब मजे करता है। जहां मन करता है अपनी बूंदें बरसा देता है। खास बात यह है कि ये कहानियां यहां तुम हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी पढ़ सकते हो। *

**किताब:** उकड़ू उल्लू का चश्मा, **लेखिका:** मीनू त्रिपाठी,
**मूल्य:** 220 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**नैंसी** : ऐसा कौन-सा फूल है, जो होता तो है ! लेकिन दिखता नहीं है?
**नव्या (काफी देर सोचने के बाद)** : मुझे नहीं पता, तुम्हीं बता दो।
**नैंसी (हंसते हुए)** : अप्रैल फूल।
**-खुशबू, रायपुर**

**तन्नू** : ये लो, चॉकलेट खाओ।
**चुन्नू** : चॉकलेट! किस खुशी में?
**तन्नू** : आज तुम्हारा दिन है, इसलिए।
**चुन्नू** : लेकिन आज तो मेरा बर्थ-डे नहीं है। क्या है आज?
**तन्नू** : आज अप्रैल फूल-डे है।
**-मुस्कान, राजनांदगांव**

**सोनू** : क्या तुम जानते हो, सूरज रात को क्यों नहीं दिखाई देता है?
**मोनू** : तुम्हें इतना भी नहीं पता! एक्चुअली, दिन भर आसमान में घूम-घूमकर सूरज थक जाता है, इसलिए वह रात में सो जाता है।
**-कुमकुम, बिलासपुर**

## जीके क्विज-147



1. हाल में ही धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स कितने दिनों तक अंतरिक्ष में रहीं?
2. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 विजेता टीम को बीसीसीआई ने कितनी राशि देने की घोषणा की है?
3. छत्रपति शिवाजी के पहले मंदिर का उद्घाटन कहां किया गया?
4. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?
5. ऐतिहासिक इमारत चार मीनार किस शहर में स्थित है?
6. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
7. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?
8. 'पॉवर हाउस ऑफ सेल' किसे कहा जाता है?
9. यक्षगान कहां का लोकनृत्य है?
10. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?

**बच्चों, जीके क्विज-147 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-146 का उत्तर :** 1.शुभमन गिल, 2.स्टीव स्मिथ, 3.केरल, 4.फुटबॉल, 5.गैनिमीड, 6.समुद्रगुप्त, 7.मध्य प्रदेश, 8.खान अब्दुल गफ्फार खान, 9.ह्वांगहो नदी, 10.रांची

**जीके क्विज-146 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, अथर्व-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, होमन-ईमेल से, राकेश-बलौदा बाजार, शुभम-बलौदा बाजार, टामेंद्र-धमतरी, आराध्या-गरियाबंद, एकता-ईमेल से

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक शरारती चूहा रैट-ट्रैप से चीज निकालने की कोशिश कर रहा है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.चूहे के फेस पर दोनों तरफ पसीने की बूंद है। 2.चूहे के दाएं हाथ की अंगुली नहीं दिख रही है। 3.चूहे की पूंछ दिख रही है। 4.चीज पर कम बबल्स दिख रहे हैं। 5.रैट-ट्रैप की कड़ी का सामने वाला हिस्सा लाल है।

## मैथ्स पजल

बच्चो, नीचे दिए गए पजल को ध्यान से देखो और कैल्कुलेट करके बताओ कि प्रश्न वाचक चिन्ह के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?




उत्तर : 30